| 1. | टार्गेट कम्पनी का नाम | ऑरिएण्ट ट्रेडलिंक लिमिटेड |
| 2. | अधिग्रहण-कर्ता का नाम | श्री ऑशिम खेत्रपाल |
| 3. | प्रस्ताव के प्रबंधक का नाम | फास्ट ट्रैक फिनसेक प्राईवेट लिमिटेड |
| 4. | प्रस्ताव के रजिस्ट्रार का नाम | स्काईलाइन फाइनांसियल सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड |
| 5. | प्रस्ताव का विवरणः<br>(क) प्रस्ताव खुलने की तिथि<br>(ख) प्रस्ताव बंद होने की तिथि | <br>5 जुलाई, 2019-शुक्रवार<br>18 जुलाई, 2019-गुरुवार |
| 6. | मूल्य (कंडीडरेशन) के भुगतान की पूर्णता की तिथि एवं अस्वीकृति/स्वीकृति की सूचना | 01 अगस्त, 2019-गुरुवार |

7. अधिग्रहण का विवरण

| क्रम सं. | विवरण | प्रस्ताव पत्र में प्रस्तावित | | वास्तविक | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7.1 | प्रस्ताव मूल्य (रु. में) | रु. 4.60 (रुपये चार एवं पैसे साठ मात्र) | | रु. 4.60 (रुपये चार एवं पैसे साठ मात्र) | |
| 7.2 | टेण्डर की गई शेयरों की सं. का कुल योग | 1,09,65,000 इक्विटी शेयर्स | | 1,30,39,298 इक्विटी शेयर्स | |
| 7.3 | स्वीकृत शेयरों की सं. का कुल योग | 1,09,65,000 इक्विटी शेयर्स | | 1,09,65,000 इक्विटी शेयर्स | |
| 7.4 | प्रस्ताव का आकार (प्रति इक्विटी शेयर प्रस्ताव मूल्य द्वारा गुणा की गई इक्विटी शेयरों की संख्या) | रु. 5,04,39,000 (रुपये पाँच करोड़ चार लाख उन्तालिस हजार मात्र) | | रु. 5,04,39,000 (रुपये पाँच करोड़ चार लाख उन्तालिस हजार मात्र) | |
| 7.5 | सार्वजनिक उद्घोषणा से पूर्व अधिग्रहणकर्ता की शेयर धारिता पूंजी<br>(क) नग<br>(ख) इक्विटी शेयर का % | <br><br>7233495<br>13.19% | | <br><br>7233495<br>13.19% | |
| 7.6 | खुला प्रस्ताव द्वारा अर्जित शेयर्स<br>क) नग<br>ख) इक्विटी शेयरों का % | <br>10965000<br>20% | | <br>10965000<br>20% | |
| 7.7 | विस्तृत सार्वजनिक विवरण ("डीपीएस") के बाद अर्जित शेयर्स<br>क) नग<br>ख) इक्विटी शेयर पूंजी का %<br>ग) अर्जित शेयर मूल्य | <br><br>निल<br>निल<br>एनए | | <br><br>निल<br>निल<br>एनए | |
| 7.8 | अधिग्रहण-कर्ता का प्रस्ताव उपरांत शेयरधारिता | शेयरों की सं. | एवं इक्विटी शेयर पूंजी | शेयरों की सं. | एवं इक्विटी शेयर पूंजी |
| | | 1,81,98,495 | 33.19% | 1,81,98,495 | 33.19% |
| 7.9 | प्रस्ताव पूर्व एवं उपरांत सार्वजनिक शेयरधारिता | प्रस्ताव-पूर्व | प्रस्ताव-पूर्व | प्रस्ताव-पूर्व | प्रस्ताव-पूर्व |
| | क) नग<br>ख) इक्विटी शेयर पूंजी का % | 47591505<br>86.81% | 36626505<br>66.81% | 47591505<br>86.81% | 36626505<br>66.81% |

* खुला प्रस्ताव में सम्पूर्ण स्वीकृति की परिकल्पना करते हुए

8. अधिग्रहण-कर्ता इस प्रस्ताव उपरांत विज्ञापन में शामिल सूचना के लिये सम्पूर्ण उत्तरदायित्व तथा साथ ही विनियमनों के अंतर्गत दायित्वों को भी स्वीकार करते हैं।
9. प्रस्ताव उपरांत विज्ञापन की प्रति सेबी, बीएसई लिमिटेड तथा टार्गेट कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इस विज्ञापन में प्रयुक्त कैपिटलाईज्ड टर्म्स, लेकिन जो यहां परिभाषित नहीं है, का वही अभिप्राय होगा जो प्रस्ताव के पत्र तिथि 27 जून, 2019 में ऐसे टर्म्स को दिया गया है।

**अधिग्रहण-कर्ता की ओर से प्रस्ताव के प्रबंधक द्वारा जारी**

**फास्ट ट्रैक फिनसेक प्राईवेट लिमिटेड**
बी-502, स्टेट्समेन हाउस,
147, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001
**टेली. नं.:** 011-43029809
**ईमेलः** mb@ftfinsec.com
**वेबसाईटः** www.ftfinsec.com
**सम्पर्क व्यक्तिः** श्री पवन कुमार माहुर
**सेबी पंजी. सं.:** INM000012500
**CIN:** U65191DL2010PTC200381
**स्थानः** नई दिल्ली
**तिथिः** 24 जुलाई, 2019

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की मांग सूचना 13(2)**

**शाखा कार्यालयः मेरठ रोड, सेहानी, गाज़ियाबाद, उ0प्र0-201003**

यह मांग सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत एतद्द्वारा कर्जदारों / गारंटरों को उनकी गारंटी में दी गई ऋण सुविधा की बकाया राशि का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए जारी की गई है। यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस सूचना के संदर्भ में नीचे वर्णित राशि और उस पर आगे ब्याज और प्रासंगिक व्यय, लागत आदि का भुगतान करने में असफल रहते हैं तो बैंक कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और अन्य लागू प्रावधान के अंतर्गत उसे प्राप्त सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचना दी जाती है कि आप बिना बैंक की लिखित अनुमति लिये इस सूचना में नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टे पर देने या अन्य लेनदेन नही कर सकते है। **बकाया राशि के साथ खाता और प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:**

**अचल सम्पत्ति की अनुसूची एवं अन्य विवरण**

| कर्जदार/गारंटर का नाम | प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण | 13(2) सूचना की तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| **कर्जदारः**<br>**(1) श्रीमती सरला गर्ग पत्नी श्री मोहन लाल गर्ग** सी-234, लोहिया नगर, गाजियाबाद, उ0प्र0।<br>**(2) श्रीमती सरला गर्ग पत्नी श्री मोहन लाल गर्ग, मालिक- मैसर्स बालाजी एण्टरप्राईजेज,** निकट अर्जुन नगर, शॉप नं.19, गाजियाबाद, उ0प्र0। | श्रीमती सरला गर्ग पत्नी श्री मोहन लाल गर्ग के नाम पर लोहिया नगर जी.डी.ए. आवासीय कॉलोनी, गाजियाबाद में स्थित साम्यिक बंधक सम्पत्ति सं. सी-234, एल.आई.जी., एरिया परिमाप 120.96 वर्ग मीटर, कवर्ड एरिया 50.72 वर्ग मीटर एवं खुला एरिया 70.24 वर्ग मीटर जो **निम्नानुसार घिरा है:**<br>**पूर्वः** रोड 9.15 मीटर चौड़ी,<br>**पश्चिमः** मकान नं. सी-200,<br>**उत्तरः** मकान नं. सी-235,<br>**दक्षिणः** मकान नं. सी-233 | **31.03.2017 को एनपीए 18.06.2019 को बकाया रु.7,35,725/- (जो इस सूचना की तिथि को बकाया मूलधन प्लस ब्याज को दर्शाता है)** |

**आपका ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाना है।**

**स्थानः दिल्ली**
**दिनांकः 24.07.2019**

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सेहानी, गाज़ियाबाद**

## भारत सीट्स लिमिटेड

**CIN: L34300DL1986PLC023540**

**पंजी. कार्यालयः 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070**
**ईमेलः seats@bharatseats.net, वेबसाईटः www.bharatseats.com, फोन** +91-9643339870-74, **फैक्सः** 0124-2341188

**30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही का अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(प्रति शेयर डैटा को छोड़कर रु. लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2019 (अनंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.6.2018 (अनंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2019 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.3.2019 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 17059.20 | 23929.57 | 19859.15 | 90884.39 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 604.61 | 1078.36 | 604.24 | 3122.39 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 604.61 | 1078.36 | 604.24 | 3122.39 |
| 4. | कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 379.87 | 712.47 | 475.13 | 2142.05 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल) | 383.94 | 707.71 | 505.86 | 2158.38 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 628.00 | 628.00 | 628.00 | 628.00 |
| 7. | अन्य इक्विटी (आरक्षित)(पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र के अनुसार (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त) | - | - | - | 9827.89 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 2/- प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिए)(रु. में) | | | | |
| (क) | मूल (रु.) | 1.21 | 2.27 | 1.51 | 6.82 |
| (ख) | तरल (रु.) | 1.21 | 2.27 | 1.51 | 6.82 |

**टिप्पणी:-**

क) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचैंज में दाखिल की गई तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाईट www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाईट www.bharatseats.com पर उपलब्ध है।

ख) भारत सीट्स लिमिटेड ("कम्पनी") के उपरोक्त वित्तीय परिणामों को कम्पनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली 2015 के नियम 3 तथा कम्पनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली, 2016 तथा उसके बाद संबंधित संशोधन नियमावली के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट रूप में भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) 34 के अनुसार तैयार किया गया है।

ग) उपरोक्त परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 23 जुलाई, 2019 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत किये गये। 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिये "भारत सीट्स लिमिटेड" के उपरोक्त वित्तीय परिणामों को इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी रिव्यू इंगैजमेन्ट्स पर मानक (एसआरई) 2410 के अनुसार कम्पनी के सांविधिक अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन रखा गया है।

**निदेशक मंडल के लिये तथा उसकी ओर से**
**भारत सीट्स लिमिटेड के लिये**
**हस्ता./- (रोहित रेलान)**
**अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक**

**स्थानः दिल्ली**
**तिथिः 23.07.2019**

## HDFC हाऊसिंग डेवलपमेंट फाईनांस कारपोरेशन लि.

शाखा: एससीओ 153-155, सेक्टर-8-सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़
सीआईएन: [illegible] वेबसाइट: www.hdfc.com दूरभाष: [illegible]

**मांग सूचना**

[illegible]

| क्र. सं. | ऋणी/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का नाम | कुल बकाया देय राशि | मांग सूचना की तिथि | सिक्योर्ड परिसंपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) |
| 1. | [illegible] खाता सं. 589889573 | 31.05.2019 [illegible] 684838/- | 1 जुलाई, 2019 | [illegible] |
| 2. | [illegible] | 31.05.2019 [illegible] | 1 जुलाई, 2019 | [illegible] |

[illegible]

कृते हाऊसिंग डेवलपमेंट फाईनांस कारपोरेशन लि.
हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 25.07.2019

पंजीकृत कार्यालय: रेमन हाउस, एच.टी. पारेख मार्ग, 169, बैकबे रिक्लेमेशन, चर्च गेट, मुंबई-400020

(THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION FOR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE FOR SECURITIES. NOT FOR PUBLICATION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.)

## WONDER FIBROMATS LIMITED

Our Company was originally incorporated at Delhi as "Wonder Fibromats Private Limited" on 13th October, 2009 under the provisions of the Companies Act, 1956 vide Certificate of Incorporation issued by the Asst. Registrar of Companies, NCT of Delhi & Haryana. Consequent, upon the conversion of our Company into public limited company, the name of our Company was changed to "Wonder Fibromats Limited" vide fresh certificate of incorporation dated 5th July, 2018 issued by the Registrar of Companies, Delhi. For further details of incorporation, change of name and registered office of our Company, please refer to chapter titled "General Information" and "Our History and Corporate Structure" beginning on pages 54 and page 148 respectively of the Prospectus.

**Corporate Identification Number: U31900DL2009PLC195174**
**Registered Office:** 45, Okhla Industrial Estate, Phase-III, New Delhi 110020
**Work:** Factory at Khasra No. 105-106 Raipur Industrial Area, Bhagwanpur, Roorkee 247667 **Tel:** 011 66058952
**Email:** info@wonderfibromats.com **Website:** www.wonderfibromats.com
**Contact Person:** Ms. Nikita, Company Secretary & Compliance Officer

**PROMOTERS OF OUR COMPANY**
**MR. HARSH KUMAR ANAND, MR. YOGESH ANAND AND MR. YOGESH SAHNI**

**INITIAL PUBLIC ISSUE OF 22,24,000 EQUITY SHARES OF A FACE VALUE OF RS. 10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF WONDER FIBROMATS LIMITED ("OUR COMPANY" OR "WFL" OR "THE ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF RS. 90/- PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF RS. 80 PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO RS. 2,001.60 LAKHS ("THE ISSUE") OF WHICH 1,12,000 EQUITY SHARES AT AN ISSUE PRICE OF RS. 90 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 100.80 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 21,12,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10.00 EACH AT AN ISSUE PRICE OF RS. 90 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 1,900.80 LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.55% AND 25.22%, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**ATTENTION INVESTORS- CORRIGENDUM TO THE PROSPECTUS DATED JULY 02, 2019**

**ISSUE CLOSING DATE EXTENDED TO MONDAY; JULY 29, 2019***
**PRICE REVISED AT Rs. 89/- PER EQUITY SHARE**

* The issue opened on Monday; July 22, 2019 and was scheduled to close on Wednesday; July 24, 2019, pursuant to the disclosure made in the prospectus dated July 02, 2019 filed with the Registrar of the Companies, Delhi, ("The ROC"), NSE Emerge and SEBI. All capitalized term used in the notice shall, unless the context otherwise requires, has the meaning ascribed in the Prospectus dated July 02, 2019.

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS RS. 10.00 EACH AND THE ISSUE PRICE OF RS 89.00 IS 8.90 TIMES OF THE FACE VALUE**

THE APPLICATION MUST BE FOR A MINIMUM OF 1,600 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 1,600 EQUITY SHARES THEREAFTER.

**INITIAL PUBLIC ISSUE OF 22,24,000 EQUITY SHARES OF A FACE VALUE OF RS. 10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF WONDER FIBROMATS LIMITED ("OUR COMPANY" OR "WFL" OR "THE ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF RS. 89/- PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF RS. 79 PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO RS. 1,979.36 LAKHS ("THE ISSUE") OF WHICH 1,12,000 EQUITY SHARES AT AN ISSUE PRICE OF RS. 89 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 99.68 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 21,12,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10.00 EACH AT AN ISSUE PRICE OF RS. 89 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 1,879.68 LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.55% AND 25.22%, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**INVESTORS MAY PLEASE NOTE THE PROSPECTUS, THE APPLICATION FORMS, THE ABRIDGED PROSPECTUS AND GENERAL INFORMATION DOCUMENT SHALL BE READ IN CONJUNCTION WITH THIS CORRIGENDUM**

For **Wonder Fibromats Limited**
On Behalf of the Board of Directors
Sd/-
Mr. Harsh Kumar Anand
**Managing Director**

Date: 24.07.2019
Place: Delhi

**Wonder Fibromats Limited** subject to market conditions, public issue of its Equity Shares and has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, Mumbai. The Prospectus shall be available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Lead Manager at www.navigantcorp.com, the website of the NSE i.e. www.nseindia.com/emerge, and website of the Issuer Company at www.wonderfibromats.com. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk. For details investors should refer to and rely on the Prospectus including the section titled "Risk Factors" beginning on page 25 of the Prospectus, which has been filed with ROC.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act (the "Securities Act") or any state securities law in United States and may not be issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in the Regulations under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to the registration requirements of the Securities Act of 1933.

## कार्यालय
## आयकर आयुक्त (न्यायिक)
## कमरा सं. 162-A, के.रा. भवन, नई दिल्ली

**दूरभाष/ फैक्सः 23379308**
**ई मेलः delhi.cit.judicial@income tax.gov.in**

फा.सं.आ.आ. (न्या.)(रा.क.वि.अ.)/मामले/2019-20/448 दिनांकः 19 जुलाई, 2019

**रा.क.वि.अ. (NCLT) के मामलों में सुनवाई से संबंधित नोटिस**

निम्नलिखित कंपनियों और उनके निदेशकों को रा.क.वि.अ. (NCLT) के मामलों के संबंध में आवश्यक अनुपालन के लिए नोटिस दिया जाता है जो इन कंपनियों के पुनरुद्धार से संबंधित है, जिसे माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (**National Company Law Tribunal**) सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली के समक्ष नीचे दी गई तालिका में कॉलम संख्या 4 में उल्लिखित तिथि में सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है:

| क्रम सं. | मामला सं. व मामला शीर्षक | निदेशकों का नाम और उनका डीआईएन यदि उपलब्ध हो | सुनवाई की अगली तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | अपील सं. 1265/ 252/ एनडी/ 2018 आयकर अधिकारी वार्ड 19 (1), नई दिल्ली बनाम आरओसी (ROC) (मैसर्स वन इज हन्ड्रेड प्रोजेक्ट्स प्रा.लि., पैनः AABCO2393N) पंजीकृत कार्यालयः C-23/2, प्रथम तल, मिडल सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 | 1. पलूरू लक्ष्मी, डीआईएनः 02529538, 1-24-103/ 1, लोथकुन्ता इंदिरा नगर, वार्ड 8, अलवल रंगारेड्डी- 500011, आंध्र प्रदेश<br>2. पलूरू शिवा चारी, डीआईएनः 02529565, पी.नं. 198, बल्कमपेट अमीरपेट हैदराबाद-500016 | 22.08.2019 |
| 2. | अपील सं. 957/ 252/ एनडी/ 2018 आयकर अधिकारी वार्ड 19 (4), नई दिल्ली बनाम आरओसी (मैसर्स पिजन आईटी साल्यूशन प्रा.लि., पैनः AAFCP6816P) पंजीकृत कार्यालयः A-262, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 | 1. शिवा नगेन्द्र नवूलूरी, डीआईएनः 01836361, प्लॉट नं. 32, आदित्य फोर्ट व्यू विलॉस, पुप्पलगुडा, मनीकॉडा राजेन्द्र नगर, केबी रंगा रेड्डी- 500089, तेलंगाना<br>2. सैयद मुख्तार अल्ली, डीआईएनः 02960398, A-262, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली- 110025 | 01.08.2019 |
| 3. | अपील सं. 983/ 252/ एनडी/ 2018 आयकर अधिकारी वार्ड 23 (3), नई दिल्ली बनाम आरओसी (मेसर्स श्री धनेश मॉर्केटिंग्स प्रा.लि., पैनः AAMCS5046F) पंजीकृत कार्यालयः 67 डीएसआईडीसी कॉम्पलेक्स, माता सुन्दरी रोड, नई दिल्ली-110002 | 1. जितेन्द्र कुमार सैनी, डीआईएनः 02090728, कैलाश नगर रेवाडी रोड, नारनौल, हरियाणा-123001<br>2. पुष्पा शर्मा, डीआईएनः 02090736, म.न. 708, हॉउसिंग बोर्ड, नारनौल, हरियाणा-123001 | 01.08.2019 |
| 4. | अपील सं. 1230/ 252/ एनडी/ 2018 आयकर अधिकारी 25 (1), नई दिल्ली बनाम आरओसी (मैसर्स तथागत मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पैनः AADCT5934E), पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट सं. 31, पटपड़गंज, इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली-110092 | 1. यज्ञवालक्या सिंह, डीआईएनः 03170070 C-45, बटलर पैलेस, जोपलिंग रोड लखनऊ-226001, उत्तर प्रदेश<br>2. जिज्ञासा सिंह, डीआईएनः 03170070, मकान सं.-02, सेक्टर 14A, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश जय प्रकाश सिंह, डीआईएनः 03246777, 605, प्रथम विंग, गोकुल गार्डन, ठाकुर कॉम्प्लेक्स, कांदिवली ईस्ट, मुम्बई-400101 | 09.08.2019 |
| 5. | अपील सं. 285/ 252/ एनडी/ 2019 आयकर अधिकारी वार्ड 17(4), नई दिल्ली बनाम आरओसी (नवरूप पैकर्स प्रा. लि. पैनः AACCN0587C) | 1. बालेश्वर प्रसाद शर्मा, (डीआईएनः 00217189)<br>2. हेमंत कुमार, (डीआईएनः 01282299) | 05.08.2019 |

इस संबंध में, इस नोटिस के माध्यम से, उपर्युक्त कंपनियों के प्रधान अधिकारियों/ निदेशकों को सूचित किया जाता है और यह अनुरोध किया जाता है कि वे अपने से संबंधित मामलों में माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण के समक्ष ऊपरलिखित नियत तिथि को सुनवाई में उपस्थित हों। ध्यान रहे कि उपर्युक्त दिनों में उपस्थित न होने की स्थिति में आपकी अनुपस्थिति में ही मामले की सुनवाई होगी और फैसला किया जाएगा।

**भवदीया**
**हस्ता./-**
**(योगिता शर्मा)**
**आयकर अधिकारी**
**(न्यायिक)-3, नई दिल्ली**

**davp 15403/11/0005/1920**

## संकट और सवाल

कर्नाटक में एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली जद (सेकु)-कांग्रेस गठबंधन सरकार सदन में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाई और आखिरकार गिर गई। अब नई सरकार का गठन भी हो जाएगा। लेकिन राज्य में पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव के बाद से, खासतौर पर पिछले बीस-पच्चीस दिनों में जिस तरह का घटनाक्रम चला है, वह लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न तो है ही। गठबंधन सरकार में मंत्रियों की नाराजगी, विधायकों का बागी होना, मंत्री पद के लिए दबाव की राजनीति, मंत्रियों और विधायकों के इस्तीफे, मामले को फंसाए रखने के लिए अदालत का सहारा लेना और कानूनी दांवपेच के जरिए संकट को और बढ़ाने जैसे जितने भी घटनाक्रम देखने को मिले, उन सबसे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब हमारे जनप्रतिनिधि आपस में लड़ने और सिर्फ सत्ता हथियाने की जुगत में लगे रहेंगे तो सरकारें जनता के लिए काम क्या करेंगी, विकास संबंधी काम कैसे होंगे, सरकारें कैसे जन-आकांक्षाओं पर खरी उतरेंगी? इस तरह की उठापटक की राजनीति के बीच कर्नाटक में पिछले एक साल में सरकार ने क्या कोई ऐसा उल्लेखनीय काम किया जो सीधे जनता के हितों से सरोकार रखता हो? क्या यही स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है?

कर्नाटक में राजनीतिक संकट की नींव विधानसभा चुनाव नतीजों के साथ ही पड़ गई थी। यह तभी तय हो गया था कि जो भी सरकार होगी, वह जोड़-तोड़ के सहारे ही चलेगी। विधानसभा चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने की वजह से ये स्थिति बनी थी। शुरू में भाजपा विधायक दल के नेता येदियुरप्पा मुख्यमंत्री तो बन गए थे लेकिन छह दिन बाद वे भी विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए थे। उसके बाद कांग्रेस के समर्थन से जद(सेकु) के एचडी कुमारस्वामी मुख्यमंत्री बने। हाल में संकट तब खड़ा हुआ जब छह जुलाई को कांग्रेस के नौ और जद (सेकु) के तीन विधायक बागी हो गए और विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफे सौंप दिए। इसके दो दिन बाद सभी मंत्रियों ने भी अपने-अपने पार्टी नेताओं को इस्तीफे थमा दिए। मंत्री पद पर रहे दो निर्दलीय विधायकों ने भी इस्तीफा देकर भाजपा के साथ जाने का एलान कर दिया। संकट तब और गहरा गया जब सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश में यह कह दिया कि पंद्रह बागी विधायकों को सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसे में सवाल यह खड़ा हो गया कि तब पार्टी व्हिप का क्या मतलब रह जाएगा! अगर कोई विधायक पार्टी व्हिप का उल्लंघन करता है तो क्या होगा?

कुमारस्वामी ने 18 जुलाई को विश्वासमत पेश किया था। राज्यपाल ने बहुमत साबित करने के लिए तीन बार समय सीमा तय की, लेकिन विश्वासमत नहीं हो पाया। मंगलवार शाम विश्वासमत पर हुए मतदान में कुमारस्वामी सरकार के समर्थन में निन्यानवे और विरोध में एक सौ पांच वोट पड़े। सवाल है, अब आने वाले दिनों में क्या होगा? जैसे हालात हैं उसमें तो यही लग रहा है कि जिस संकट का सामना कुमारस्वामी को करना पड़ा, नए मुख्यमंत्री भी उससे बचे नहीं रहेंगे। अगली सरकार भी चुनिंदा विधायकों की मेहरबानी पर टिकी होगी। इस पूरे प्रकरण में सबसे गंभीर आरोप विधायकों की खरीद-फरोख्त को लेकर लगे हैं। सरकारें गिराने-बनाने के खेल में विधायकों की खरीद-फरोख्त कोई नई बात नहीं है। पैसे और पद के लालच में जनप्रतिनिधि किस तरह से अपने 'अंतर्मन की आवाज' पर फैसले करते हैं और 'नैतिकता' की दुहाई देते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके 'अंतर्मन की आवाज' मतदाता के साथ एक बड़ा विश्वासघात है। जनप्रतिनिधियों का ऐसा चरित्र जनादेश का अपमान होता है। कर्नाटक में यही हुआ है।

## उड़नपरी हिमा

प्रतिभा का रास्ता कांटों भरा हो सकता है, कुछ समय तक के लिए बाधित दिख सकता है, लेकिन उसे अपने मुकाम तक पहुंचने से स्थायी तौर पर रोका नहीं जा सकता। महज इक्कीस दिनों के भीतर हिमा दास ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छह स्वर्ण पदक हासिल कर यह साबित कर दिया है कि देश में प्रतिभाओं और क्षमताओं की कमी नहीं है। बस उन्हें वक्त पर थोड़ी दिशा मिल जाए तो खेलों की दुनिया में देश का नाम सोने की तरह चमकते अक्षरों में दिखेगा। हाल में पोलैंड और चेक गणराज्य में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तहत अलग-अलग दौड़ स्पर्धाओं में हिमा दास एक के बाद एक लगातार अव्वल नंबर पर आईं और छह स्वर्ण पदक जीते। हिमा ने दो सौ और चार सौ मीटर की दौड़ स्पर्धा में नए कीर्तिमान बनाए। यों किसी भी खिलाड़ी के इस तरह लगातार अव्वल आने पर दुनिया का ध्यान जाना लाजिमी है। यह बेवजह नहीं है कि भारत में न केवल शीर्ष स्तर के नेताओं और खिलाड़ियों ने हिमा दास को शुभकामना दी, बल्कि बाकायदा राज्यसभा की ओर से उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी गई और उन्हें पूरे देश के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया गया।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आज देश में एक प्रेरणा के रूप में देखे जाने और यहां तक के सफर से पहले महज उन्नीस साल की हिमा दास का सफर कोई आसान नहीं रहा है। एक दौर था जब उनका परिवार इस स्तर के अभाव से जूझ रहा था कि हिमा के पास दौड़ने के लिए जूते तक नहीं थे। वे अपने स्कूल के दिनों में लड़कों की टीम में फुटबॉल खेलती थीं और अपना भविष्य इसी खेल में देख रही थीं। लेकिन एक शिक्षक की सलाह पर उन्होंने दौड़ना शुरू किया और बाद में अपने कोच की मदद से वे पहली अंतर-जिला स्तर की दौड़ प्रतियोगिताओं में हवा में उड़ने की तरह सबसे आगे रही थीं और इतनी कम उम्र में अपनी प्रतिभा से सबको चौंका रही थीं। उसी दौरान वे 'ढिंग एक्सप्रेस' के तौर पर मशहूर हो गईं। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी कुछ ही समय बाद अपनी धमक स्थापित कर दी। यह सही है कि अभी उन्हें लंबा सफर तय करना है, लेकिन आज वे दौड़ की दुनिया में एक सितारे की तरह चमक रही हैं तो बेशक यह उनकी मेहनत, लगन और क्षमताओं का हासिल है। लेकिन सच यह भी है कि उनके कोच निपोन ने उनकी प्रतिभा को वक्त पर पहचाना और जिद के तौर पर अपनी सीमा में उन्हें जरूरी प्रशिक्षण दिया।

हिमा के व्यक्तित्व की एक खूबसूरत खासियत यह है कि हाल में अपने प्रदर्शनों के बूते उन्हें जो आय हुई, उसका आधा उन्होंने अपने गृह-राज्य असम के बाढ़ पीड़ितों के लिए दे दिया। वे आज भी अपने पुराने अभाव के दिनों को याद करके भावुक हो जाती हैं। हमारे देश में यह विडंबना लंबे समय से बनी है कि दूरदराज के इलाकों में गरीब परिवारों के कई बच्चे अलग-अलग खेलों में अपनी बेहतरीन क्षमताओं के साथ स्थानीय स्तर पर तो किसी तरह उभर गए, लेकिन अवसरों और सुविधाओं के अभाव में उससे आगे नहीं बढ़ सके। लेकिन इसी बीच कई उदाहरण सामने आए, जिनमें जरा मौका हाथ आने पर उनमें से किसी ने दुनिया से अपना लोहा मनवा लिया। हिमा दास उन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने बहुत कम वक्त के दौरान अपने दम से यह साबित कर दिया कि अगर वक्त पर प्रतिभाओं की पहचान हो, उन्हें मौका दिया जाए, थोड़ी सुविधा मिल जाए तो वे दुनिया भर में देश का नाम रोशन कर सकती हैं।

### कल्पमेधा

प्रसिद्धि की भूख महान व्यक्तियों की अंतिम कमजोरी है तो छोटे व्यक्तियों की प्रथम कमजोरी है।
-जॉन रस्किन

# जवानों के संकट से जूझती पुलिस

संजय कुमार सिंह

**ऐसा नहीं कि सिर्फ निचले स्तर पर पुलिसकर्मियों का टोटा हो, देश का पुलिस तंत्र अधिकारियों की कमी से भी जूझ रहा है। देश में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के कुल चार हजार आठ सौ तियालीस पद अधिकृत हैं, लेकिन इनमें भी नौ सौ से ज्यादा पद खाली हैं। यह वह सूचना है जो संसद में दी गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि इस मामले में अभियान चला कर सभी पदों को भरना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और देश में पुलिस की कमी तत्काल दूर करनी चाहिए।**

हाल में खबर आई कि देश में साढ़े पांच लाख से भी ज्यादा पुलिसकर्मियों के पद खाली पड़े हैं। यह आंकड़ा ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डवलपमेंट (बीपीआरडी) ने जारी किया है। यह वाकई चौंकाने वाली खबर है। इससे पता चलता है कि देश की कानून-व्यवस्था से लेकर आंतरिक सुरक्षा तक का जिम्मा संभालने वाला पुलिस महकमा किस दयनीय हालत में काम कर रहा होगा। इसीलिए ज्यादातर राज्यों में अपराधों का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है। सबसे ज्यादा पद उत्तर प्रदेश में खाली हैं और जब सबसे ज्यादा बदतर कानून-व्यवस्था वाले राज्यों की सूची बनती है तो उसमें भी उत्तर प्रदेश ही सबसे ऊपर आता है। उत्तर प्रदेश की जेलों में हत्याओं से लेकर गैंगवार और वसूली जैसे काम हो रहे हैं। ये घटनाएं प्रदेश की कानून-व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी हैं। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल आदि राज्य भी इसी श्रेणी में आते हैं। राजधानी दिल्ली भी इस समस्या से अछूती नहीं है।

वैसे तो ज्यादातर सरकारी महकमों की हालत यही है कि कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं और कामकाज पर असर पड़ रहा है। लेकिन पुलिस वालों की कमी का सीधा असर कानून-व्यवस्था से लेकर यातायात, जान-माल की सुरक्षा और आमजन से जुड़ी सेवाओं पर पड़ता है। यही नहीं, सड़क दुर्घटना और विभिन्न अपराधों में घायल लोगों को समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने का काम और जिम्मेदारी भी पुलिस पर ही है। इसलिए दूसरे विभागों में कर्मचारियों की कमी से मुमकिन है काम न हो, पर पुलिस वालों की कमी का मतलब है कानून-व्यवस्था पर सीधा असर पड़ना। पुलिस के चुनौतीभरे काम और उसकी जरूरत के मद्देनजर देशभर में पुलिस वालों की संख्या स्वीकृत पदों के मुकाबले कम होना चिंताजनक है। एक जनवरी 2018 की स्थिति के अनुसार देश भर में पुलिसकर्मियों के पांच लाख तियालीस हजार पद खाली थे। इनमें सबसे ज्यादा एक लाख उनतीस हजार पद उत्तर प्रदेश में खाली थे। नगालैंड देश का अकेला ऐसा राज्य है, जहां पुलिस वालों की संख्या मानक से ज्यादा है। बीपीआरडी के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में पुलिस वालों के 24,84,170 पद घोषित हैं। एक जनवरी 2018 को इनमें से 19,41,473 पद भरे हुए थे।

पुलिस वालों के खाली पदों से संबंधित जो खबरें आई हैं, उनके मुताबिक एक जनवरी 2017 को पुलिस वालों के कुल पांच लाख अड़तीस हजार पद खाली थे और 2018 में यह संख्या बढ़ कर पांच लाख तियालीस हजार हो गई थी। 2016 में खाली पदों की संख्या सबसे ज्यादा साढ़े पांच लाख थी। कानून-व्यवस्था से लेकर यातायात संभालने के लिए जिम्मेदार पुलिस वालों की कमी देश भर में कई सालों से है। पिछले साल एक जनवरी की स्थिति के अनुसार पुलिस वालों की कमी के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद बिहार (50291), पश्चिम बंगाल (48981), तेलंगाना (30345) और महाराष्ट्र (26196) का नंबर आता है।

राज्यों की बात फिर भी अलग है। राजधानी दिल्ली में पुलिसकर्मियों की कमी होना ज्यादा गंभीर है। बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रति व्यक्ति यहां पुलिस वालों की संख्या देश के दूसरे राज्यों के मुकाबले ज्यादा रखी गई है। लेकिन पद खाली हों तो मकसद ही पूरा नहीं होगा। जून 2018 में एक सवाल के जवाब में तत्कालीन गृहराज्य मंत्री ने कहा था कि दिल्ली पुलिस में (जून 2018 में) बारह हजार से ज्यादा पद खाली हैं। दिलचस्प यह है कि दिल्ली में पुलिस वालों के जो पद खाली थे, उनमें संयुक्त पुलिस आयुक्त के भी तीन पद शामिल थे। राजधानी की पुलिस वैसे भी विशेष है और सीधे केंद्र सरकार को रिपोर्ट करती है। फिर भी इसमें हेड कांस्टेबल के तीन हजार दो सौ उनयासी और उपनिरीक्षक के डेढ़ हजार पद खाली हों तो यह चिंता का विषय बनता है। ऐसा नहीं कि सिर्फ निचले स्तर पर पुलिसकर्मियों का टोटा हो, देश का पुलिस तंत्र अधिकारियों की कमी से भी जूझ रहा है। देश में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के कुल चार हजार आठ सौ तियालीस पद अधिकृत हैं, लेकिन इनमें भी नौ सौ से ज्यादा पद खाली हैं। यह वह सूचना है जो संसद में दी गई थी। कहने की जरूरत नहीं कि इस मामले में अभियान चला कर सभी पदों को भरना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और देश में पुलिस की कमी तत्काल दूर करनी चाहिए।



पुलिस, खासकर दिल्ली तथा महानगरों की पुलिस को एक और जो महत्त्वपूर्ण व ज्यादा जोखिम भरा काम करना होता है, वह है आतंकी हमलों व अपराधियों से संबंधित खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करना। कर्मचारी कम होंगे तो ऐसे मामलों में लापरवाही बरती जाएगी। यह तथ्य है कि जब भी आतंकी घटनाएं या सामूहिक अपराध या बलात्कार जैसी वारदातें होती हैं तो दिल्ली पुलिस में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने को लेकर चर्चा शुरू हो जाती है, लेकिन कुछ दिनों के बाद यह विषय सिर्फ चर्चा तक सीमित रह कर कहीं खो जाता है।

जब देश की राजधानी की यह हालत है तो बाकी राज्यों और दूर-दराज के शहरों की क्या बात की जाए! पुलिस बल की सबसे बड़ी समस्या कठिन और जोखिमपूर्ण हालात में काम करना है। पुलिस कर्मचारियों को छुट्टी नहीं मिलना, रहने और काम की खराब स्थिति की चर्चा होती रहती है। पुलिस वालों को मिलने वाली सुविधाओं की हालत यह है कि ज्यादातर राज्यों में तो उन्हें साप्ताहिक अवकाश नहीं मिलता है। हरियाणा से खबर थी कि थानों में पुलिस वालों की इतनी कमी है कि सरकार ने नई भर्तियों के साथ-साथ आइआरबी (इंडियन रिजर्व बटालियन) के जवानों को तैनात करने का फैसला किया गया था। हरियाणा के उस समय के पुलिस महानिदेशक ने इस आशय का प्रस्ताव दिया था जिसे सरकार ने मान लिया था। अब आइआरबी में डेढ़ दशक तक सेवाएं देने वाले पुलिस जवानों की हरियाणा के पुलिस थानों में तैनाती होगी। हरियाणा में लंबे समय से पुलिस कर्मचारियों की कमी चल रही है। राज्य की आबादी के लिहाज से करीब पच्चीस हजार पुलिसकर्मियों की जरूरत है। आइआरबी की मंजूरी केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। इसका खर्च भी केंद्र सरकार ही वहन करती है। बटालियन के गठन के लिए यह शर्त रहती है कि केंद्र सरकार जहां चाहे इस बटालियन का उपयोग कर सकती है। इस बल का गठन राज्यों में सीआरपीएफ या अन्य केंद्रीय बलों पर से निर्भरता खत्म करने के लिए किया जाता है। हरियाणा सरकार पहले ही महिला बटालियन की मांग केंद्र से कर चुकी है। भारत सरकार ने 1971 में भारतीय रिजर्व बटालियन योजना की शुरुआत की थी। अब तक विभिन्न राज्यों में एक सौ तिरपन आइआर बटालियनों के गठन की मंजूरी हो चुकी है। इनमें से एक सौ चवालीस बटालियनें गठित की जा चुकी हैं।

मध्यप्रदेश सरकार ने कुछ समय पहले पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने की दिशा में कदम उठाया। इसके अनुसार प्रदेश में फील्ड में तैनात पुलिस वालों की संख्या इतनी ज्यादा (करीब छप्पन हजार) है कि रोजाना आठ हजार स्टाफ साप्ताहिक अवकाश पर रहेंगे। इसका मतलब हुआ कि साप्ताहिक अवकाश देने के लिए अकेले मध्यप्रदेश में आठ हजार अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की व्यवस्था करनी होगी। राज्य सरकार ने इसके लिए एसएएफ, पीटीएस और होमगार्ड शाखा से आठ हजार कर्मी लेना तय किया है। इससे पहले भी पुलिस वालों को दो बार साप्ताहिक अवकाश देने की कवायद हुई थी पर उसे लागू नहीं किया जा सका। ऐसे में कल्पना की जा सकती है कि पुलिस में कर्मचारियों की कमी की समस्या कितनी गंभीर है और साप्ताहिक अवकाश देने जैसी बुनियादी जरूरत पूरी करना कितना मुश्किल है। फिर भी यह काम होना चाहिए इसमें कोई दो राय नहीं है।

# गांव की खुशबू

कुलीना कुमारी

**दुनिया मेरे आगे**

हाल ही में कुछ दिन एक ग्रामीण इलाके में रहने का अवसर मिला। मेरी यह अवधि मूसलाधार बारिश के बीच कटी। इसके बावजूद ग्रामीण इलाके में पर्व-त्योहार के नाम पर ऐसी एकजुटता देखी कि मैं दंग रह गई। लोग बारिश से बेपरवाह भीगते हुए भी उस समय मनाए जाने वाले उत्सव में हर स्तर पर अपनी भागीदारी कर रहे थे और आसपास मौजूद लोगों के साथ शामिल हो रहे थे। हां, बारिश की वजह से जो थोड़ी असुविधा हो सकती थी, वह हो रही थी। इससे इतना तो समझ आया कि अभी भी ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के भीतर बहुत सरलता, निश्छलता और अपनापन है। लेकिन इनके बरक्स समाज में जो कुछ खुराफाती और अराजक लोग होते हैं, वे भोले-भाले या सीधे-सादे लोगों के निश्छल स्वभाव को गलत दिशा में मोड़ कर कभी-कभी दंगा-फसाद करा देते हैं।

इस सबके बावजूद प्राकृतिक रूप से अभी भी हमारे गांवों में मिट्टी, भोजन के आधार के रूप में किसानी और भारत की खुशबू नजर आती है। नए लोगों को देख कर वे ऐसे पूछते हैं जैसे उनके बारे में जानना, उनकी आवभगत करना और भटके राही हों तो सही जगह तक पहुंचाना उनका विशेष कर्तव्य हो। इसी ग्रामीण इलाके में मेरी एक परिचित अनजान होने की वजह से गंतव्य से करीब तीन किलोमीटर पीछे उतर गई थी। लेकिन इस बीच उसने एक व्यक्ति से अपनी परेशानी क्या बताई, वह उसे घर तक छोड़ आया। ऐसी कितनी ही बातें शहरी लोगों को ग्रामीण इलाके में आने पर महसूस हुई होंगी जो उनके मिट्टी से जुड़े होने का अहसास कराती हैं, शहरी लोगों के मुकाबले ज्यादा मानवीय होने का परिचय देती हैं।

सही है कि गांवों में शहरों जैसी तकनीक नहीं आई है, लेकिन आवश्यकता भर सुविधाएं यहां भी पहुंच गई हैं। लोग गांव में भी अब आमतौर पर गैस-चूल्हे का प्रयोग करते हैं। बहुत सारे घरों में पंखा भी दिख जाता है और बिजली रहने पर टेलीविजन का प्रयोग भी। कुछ जगहों को छोड़ कर अधिकतर जगह सड़क भी बन चुकी है और आवाजाही के साधन भी मिलने लगे हैं। हालांकि आज भी देश में ऐसे इलाके हैं, जहां के लोग इन सब सुविधाओं से वंचित हैं। इसके अलावा, आमतौर पर जड़ समाजों के रूप में देखे जाने वाले गांवों में भी अब कई लोग प्रगतिवादी सोच वाले मिल जाते हैं। मेरे वहां के लोगों से मिलने-जुलने के क्रम में पता चला कि हाल ही में उस गांव के एक चाचा ने रिश्ते में लगने वाली अपनी ही भतीजी के प्यार में पड़ कर आपसी सहमति से विवाह कर लिया। शुरुआत में इस खबर ने गांव भर में खलबली मचा दी थी। बेशक उस परिवार का गांव वालों ने शुरू में बहिष्कार कर दिया था, लेकिन उस प्रेमी जोड़े की जान नहीं ली। धीरे-धीरे सब सहज हो गया। यह सब गांव वालों के बीच बढ़ती प्रगतिशील सोच का प्रतीक है।

इसके बावजूद इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती कि रोजी-रोटी की तलाश में बड़ी संख्या में लोग आज भी गांव से पलायन कर रहे हैं, क्योंकि शहरों जैसी फैक्ट्रियां या नौकरी करने की जगहें वहां नहीं हैं, जहां लोग कमा सकें और परिवार चला सकें। इसीलिए कुछ बुजुर्गों के चेहरे पर उनके बेटे के प्रवासी होने की पीड़ा और दुख मौजूद था। शहरी कमाऊ बेटा साथ नहीं रह सकता तो न रहे, लेकिन पैसा तो भेजे हर महीने। यह कहना उन्हें अच्छा नहीं लग रहा था, लेकिन आखिर वे क्या करें! गांव के अंचल में रहने वाले पुत्र के सिवा शहरी बेटा-बहू उनको रखने या जिम्मेदारी लेने के लिए ही तैयार नहीं था।

सोचने वाली बात है कि कितनी भूख है शहर में कि वहां इंसान ढेरों कंपनियां, फैक्ट्रियां और कमाई के साधन होने के बावजूद तृप्त ही नहीं हो रहा है। उसे और चाहिए। वह सिर्फ पाना चाहता है, लेकिन अपने मां-बाप के प्रति कर्तव्यच्युत होने से उसे परहेज नहीं। वह बांटना नहीं चाहता। ठीक है कि शहरीकरण ने व्यक्ति को आत्मकेंद्रित होना सिखाया है। इसी बीच प्रगति की रफ्तार बढ़ गई है। लोग अपने मन से जी पा रहे और स्वतंत्र अभिव्यक्ति कर पा रहे हैं। लेकिन जिन्होंने पैदा किया, जिनकी बदौलत खड़े हुए, उन्हें भुला कर जीवन जीना उचित तो नहीं।

मैंने गौर किया है कि इंसान कितना भी स्वार्थी क्यों नहीं हो, लेकिन अंतिम समय में जैसे उसे अहसास हो जाता है कि जीवन का असली मतलब अपनों के संग मिल कर जीना है। शहरी चकाचौंध में खुद को डुबो लेना या किसी चीज को पकड़े रहना क्या खराब नहीं है? जबकि होना यह चाहिए कि गांव की मिट्टी में पले लोग शहर से अच्छी चीज सीख कर गांव में लौटें और प्रयोग करें और गांव को भी उन्नत बनाने में सहयोग करें। यह इसलिए भी जरूरी है कि मनुष्य सांस जमीन पर लेता है तो जीते-जी उसे जन्मदाता को और अपनी मिट्टी को नहीं भूलना चाहिए।

## प्रकृति के साथ

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस रॉबर्ट माल्थस ने लिखा था, 'प्रकृति की मेज सीमित संख्या में अतिथियों के लिए सजाई गई है। जो बिन बुलाए आएंगे वे भूखों मरेंगे।' इसका अर्थ हम दो रूपों में लगा सकते हैं। पहला, भोजन की आपूर्ति और दूसरा, प्राण वायु आक्सीजन की आपूर्ति। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। बढ़ती जनसंख्या के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है भोजन की आपूर्ति और स्वच्छ वातावरण में जीवन, जो आज भी पूर्णरूप से सर्वत्र संभव नहीं है। लेकिन आने वाले समय में स्थिति और भी भयावह होने वाली है। इस संदर्भ में हाल ही में 'मूडी एनालिटिक्स' द्वारा वैश्विक अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान का आकलन अत्यंत चिंताजनक है। इसके नतीजे रेखांकित करते हैं कि जलवायु परिवर्तन का सबसे बुरा असर कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। जलवायु परिवर्तन का मूल कारण है पर्यावरण प्रदूषण। प्रदूषण का बढ़ता स्तर ही मौसम की अनियमितता का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कारक है। तापमान में वृद्धि का सबसे प्रतिकूल असर कृषि पैदावार पर पड़ेगा जिससे देश को गेहूं, मक्का व अन्य फसलों की कम पैदावार की मार झेलनी पड़ेगी।

दरअसल, अगर हम पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहते हैं तो न्यूनतम उपभोग के सिद्धांत को अपनाना होगा। हम दैनिक जीवन में सुबह से शाम तक तमाम ऐसी चीजों का उपभोग करते हैं जो अत्यावश्यक नहीं हैं। जिनके बिना भी हमारा जीवन सुचारू रूप से चल सकता है लेकिन अंशतः आदतन तो कभी-कभार दिखावे के लिए भी ऐसी चीजों का प्रयोग हम करते हैं जो पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। जैसे, आदतन बाहर निकलते ही पानी की बोतल खरीदना, जिसे हम घर से लेकर भी जा सकते हैं। हर छोटी चीज के लिए दुकानदार से प्लास्टिक की थैली की मांग करना, सार्वजनिक परिवहन सुविधा होते हुए भी अपनी कार से चलना या जरूरत न होने पर भी एयर कंडीशनर चलाना।

कागज हो या प्लास्टिक, दोनों का उपयोग प्रकृति के लिए हानिकारक है। एक के निर्माण में पेड़ों की बलि दी जाती है तो दूसरे के निपटारे में पर्यावरण की। सुबह से शाम तक ऐसी तमाम ऐसी चीजें हैं जिनका उपयोग गैर-जरूरी है लेकिन हम आदतन मजबूर हैं। हमें अपनी आदत बदलनी होगी। उपभोग सिर्फ उन्हीं वस्तुओं का करना होगा जिनकी आवश्यकता होगी, न कि इच्छा। जरूरत और इच्छा के अंतर को समझना होगा।

● *शुभेंद्र सिंह, नई दिल्ली*

## स्वर्ण परी

हिमा दास भले ही मुंह में चांदी की चम्मच लिए न पैदा हुई हों लेकिन पैरों से सोना रौंदने की काबिलियत रखती हैं। देश एक तरफ जहां बेटियों की सुरक्षा के लिए फिक्रमंद है तो वहीं हिमा बेफिक्री से दुनिया को पैरों से नापने चल पड़ी हैं। एक पखवाड़े में छह स्वर्ण पदक झटकना कोई बच्चों का खेल नहीं मगर हिमा ने यह कारनामा कर दिखाया। आज पूरा देश उन पर गर्व कर रहा है। हिमा की सफलता को सलाम।

● *एमके मिश्रा, रातू, रांची*

## अनुत्तरित प्रश्न

आखिरकार कर्नाटक में पिछले बीस दिनों से चल रही राजनीतिक उठापटक का एक और नाटकीय अध्याय मंगलवार को संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी की अगुवाई वाला कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन सदन में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहा। निवर्तमान सरकार के पक्ष में 99 और विपक्ष में 105 मत पड़े। इसी के साथ कांग्रेस के हाथ से एक और राज्य छिटक गया। हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों में करारी शिकस्त के बाद से ही संगठनात्मक ढांचे में तालमेल और राष्ट्रीय नेतृत्व के अभाव से जूझ रही कांग्रेस के लिए यह घटनाक्रम किसी गंभीर आघात से कम नहीं है।

साफ तौर पर कहें तो भारत की सबसे पुरानी पार्टी फिलहाल 'रसातल' में चली गई है, जहां से उसे 'धरातल' पर आने का रास्ता मालूम नहीं है। दूसरी ओर भाजपा के नजरिये से यह विश्वास मत देर आए दुरुस्त आए कहावत के चरितार्थ होने जैसा है। गौरतलब है कि राज्य के 2018 विधानसभा चुनावों में भाजपा ही सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी लेकिन तत्कालीन परिस्थितियों में खंडित जनादेश के अंतर्गत उपजे गठबंधन के चलते भाजपा राज्य में सरकार बनाने से चूक गई थी।

खैर, कर्नाटक में जो हुआ उससे लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यापक स्तर पर नैतिक पतन जरूर हुआ है जिसके चलते हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली पर प्रश्नचिह्न जरूर लगा है। इस पूरे घटनाक्रम में दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव, खरीद-फरोख्त जैसे नकारात्मक राजनीतिक पहलू अब अलग श्रेणी के ही शब्द नजर आते हैं। यह पहली दफा नहीं है जब विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र में राजनीतिक मूल्यों का पतन हुआ हो। इससे संदेह होता है कि कहीं हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली इतनी सुभेद्य तो नहीं कि उसमें सवाल तो हमें पता हैं लेकिन जवाब नहीं...!

● *केशव शर्मा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर*

**चौपाल**

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है :
chaupal.jansatta@expressindia.com

## उलटा दांव

अमेरिका द्वारा पाकिस्तान से द्विपक्षीय वार्ता व कश्मीर के संबंध में मनमाना बयान एक सोची-समझी साजिश लगती है। ट्रंप आगामी चुनाव को देखते हुए यह दांव खेल कर अपने प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ने की कोशिश कर रहे हैं। भारत द्वारा रूस से एस- 400 मिसाइल सुरक्षा प्रणाली का सौदा समाप्त न करना भी अमेरिका को चुभ रहा था जिसे लेकर उसने विदेश मंत्रालय को कई बार चेताया पर भारत सरकार के कठोर निर्णय के कारण उसकी दाल नहीं गली। भारत को सुरक्षित व संपन्न बनाने के लिए केंद्र सरकार ने अमेरिका की धमकियों की भी कोई चिंता नहीं की। यही कारण है कि कश्मीर मामले में एक नया राग अलाप कर अमेरिका पाकिस्तान के बहाने भारत पर तीर तान रहा है पर अब यह पैंतरा काम नहीं आएगा।

भारत पर अब उसकी गीदड़ भभकियों का कोई असर नहीं होगा। भारत सरकार ने तुरंत इस बयान के विरोध में संदेश भेजा कि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है लिहाजा, इसमें कोई अन्य देश कोई हस्तक्षेप न करे। ऐसे बयान ट्रंप और अमेरिका की विश्वसनीयता के लिए गंभीर खतरा हैं। भारत के कड़े रुख व अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण ही अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने व्हाइट हाउस के माध्यम से बताया कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मामला है और इसमें किसी तरह के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं। भारत के वैश्विक जनाधार के कारण ट्रंप का दांव उल्टा पड़ गया।

● *मंगलेश सोनी, मनावर, धार, मध्यप्रदेश*



## खेल कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| जर्मन ग्रांप्री | 28 जुलाई |
| विश्व पुलिस और फायर गेम्स | 28 जुलाई |
| एशेज श्रृंखला | 1 अगस्त |
| ब्रिटिश ओपन | 1-4 अगस्त |
| भारत का वेस्ट इंडीज दौरा | 3 अगस्त |



## जन्मदिन

| | |
|---|---|
| सीमा पूनिया | 27 जुलाई |
| अरुण लाल | 1 अगस्त |
| सुनील छेत्री | 3 अगस्त |
| नरसिंह यादव | 6 अगस्त |
| राजपाल सिंह | 8 अगस्त |

# हिमा को हिमालय चूमने के लिए करनी होगी और मेहनत

संदीप भूषण

एक महीने के भीतर पांच स्वर्ण पदक जीतकर हिमा दास ने देश को गर्व का मौका दिया है। उन्होंने पहला और दूसरा पदक पोलैंड में आयोजित 200 मीटर स्पर्धा में जीता। इस दौरान उन्होंने क्रमशः 23.65 सेकंड और 23.97 सेकंड का समय लिया। इसके बाद चेक गणराज्य के अलग-अलग तीन प्रतियोगिताओं में उन्हें पीले तमगे से नवाजा गया। इसमें से दो 200 मीटर स्पर्धा में हिमा ने क्रमशः 23.42 और 23.25 सेकंड का समय निकाला। 400 मीटर स्पर्धा में उनका समय 52.09 सेकंड दर्ज किया गया। उनकी इस उपलब्धि के बाद देश में कुछ लोग जहां ओलंपिक में पदक की उम्मीद कर रह हैं तो कुछ लोग इसे सामान्य प्रदर्शन करार देते हुए मीडिया की सुर्खियों से बचने और अपने खेल को बेहतर करने की सलाह दे रहे हैं। अब सवाल है कि आखिर क्यों हिमा के इस प्रदर्शन को उस स्तर का नहीं माना जा रहा जिससे ओलंपिक में पदक जीता जा सके ?

दरअसल, हिमा दास ने जिन प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते हैं, अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स संघ के मुताबिक वे उस स्तर की नहीं हैं जिनमें दिग्गज फर्राटा धावक भाग लेते हैं। इन पांचों प्रतियोगिताओं में से दो ई ग्रेड और दो एफ ग्रेड की प्रतियोगिताएं थीं। इसका मतलब है कि इसमें भाग ले रहे धावक भी ओलंपिक स्तर के नहीं थे। साथ ही जिस समय के साथ धिंग एक्सप्रेस ने ये पदक जीते वे उनके सर्वश्रेष्ठ से भी ज्यादा थे। उन्होंने जून 2018 में 200 मीटर में 23.10 का अपना सर्वश्रेष्ठ दिया था वहीं 400 मीटर में 50.79 सेकंड के समय के साथ हिमा ने एशियाई खेलों में पदक जीता था। यही कारण है कि एथलेटिक्स से जुड़े ज्यादातर लोग उनके इस प्रदर्शन से खुश तो हैं लेकिन, वे यह नहीं मानते कि हिमा ओलंपिक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

**आंकड़ों में कहां हैं हिमा**

असम के एक छोटे से गांव से निकलकर विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने वालीं हिमा दास के जज्बे और मेहनत का हर कोई कायल है। उन्होंने काफी तेजी से अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। इस साल के शुरू में राष्ट्रीय कोच ने भी कहा था कि उनमें काफी प्रतिभा है। वे 400 मीटर में देश के लिए पदक की उम्मीद बन सकती हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें अपने समय को 52 सेकंड से कम करना होगा। हिमा ने इस बेहद कम समय में ही इस बाधा को भी पार कर लिया। जूनियर पूर्वी जोन का खिताब 55.8 सेकंड के समय के साथ जीतने वाली हिमा ने एशियाई खेलों में 50.79 सेकंड से रजत पदक जीता। 400 मीटर स्पर्धा में 18 साल की उम्र में यह कारनामा करने वाली वह पहली महिला थी। यहां तक कि दुनिया की सबसे तेज धावकों में शुमार जर्मनी की मारिटा कोच भी 18 साल की उम्र तक 51.60 सेकंड का समय निकाल पाई थीं। वहीं बाहामास के ओलंपिक चैंपियन शौन मिलर का भी इस उम्र में सर्वश्रेष्ठ 51.25 था।

हिमा अभी 400 मीटर स्पर्धा में नई हैं। इस लिहाज से उनके इन प्रदर्शन की काफी सराहना की जा रही है। हालांकि 2020 ओलंपिक को देखते हुए हमें इस पर भी ध्यान रखना होगा कि वे जो समय निकाल रही हैं उससे तोक्यो में पदक जीता जा सकता है या नहीं। भारत की नई उड़नपरी 400 मीटर में विश्व की 87वें नंबर की धावक है। वहीं 200 मीटर में उनका स्थान 122वां है। ओवरऑल रैंकिंग में वे 1250वें स्थान पर हैं। वहीं ओलंपिक में अब तक के प्रदर्शन से हिमा की तुलना करें तो वह कहीं नहीं ठहरतीं। ओलंपिक का 200 मीटर में सर्वश्रेष्ठ 21.34 सेकंड है तो 400 मीटर में 48.25। विश्व चैंपियनशिप की बात करें तो 200 मीटर में 21.63 सेकंड का रेकॉर्ड है और 400 मीटर में 47.99 सेकंड। इस लिहाज से उनके अभी के प्रदर्शन को तो कहीं से भी ओलंपिक या विश्व चैंपियनशिप के लिए सही नहीं कहा जा सकता।





### पिछले पांच टूर्नामेंट में प्रदर्शन

| स्थान | तारीख | स्पर्धा | समय (सेकंड) | पदक |
|---|---|---|---|---|
| पोजनान (पोलैंड) | जुलाई 2 | 200मीटर | 23.65 | स्वर्ण |
| कुटनो (पोलैंड) | जुलाई 7 | 200 मीटर | 23.97 | स्वर्ण |
| क्लाडो (पोलैंड) | जुलाई 13 | 200 मीटर | 23.42 | स्वर्ण |
| टाबोर (चेक गणराज्य) | जुलाई 17 | 200मीटर | 23.25 | स्वर्ण |
| पराग्वे (चेक गणराज्य) | जुलाई 20 | 400 मीटर | 52.09 | स्वर्ण |

हिमा दास ने जिन प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते हैं, अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स संघ के मुताबिक वे उस स्तर की नहीं हैं जिनमें दिग्गज फर्राटा धावक भाग लेते हैं। इन पांचों प्रतियोगिताओं में से दो ई ग्रेड और दो एफ ग्रेड की प्रतियोगिताएं थीं।

एथलेटिक्स

### हिमा का सर्वश्रेष्ठ

| स्पर्धा | समय (सेकंड) | तारीख |
|---|---|---|
| 200 मीटर | 23.10 | जून 2018 |
| 400 मीटर | 50.79 | एशियाई खेल |

### ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप के रेकॉर्ड

| | | |
|---|---|---|
| ओलंपिक्स | 200 मीटर | 21.34 सेकंड |
| ओलंपिक्स | 400 मीटर | 48.25 सेकंड |
| विश्व चैंपियनशिप | 200 मीटर | 21.63 सेकंड |
| विश्व चैंपियनशिप | 400 मीटर | 47.99 सेकंड |

# तोक्यो ओलंपिक की उलटी गिनती शुरू, पदकों का हुआ दीदार

एशियाई महाद्वीप में 12 साल बाद होने वाले तोक्यो ओलंपिक की उलटी गिनती शुरू हो गई है और इस खेल महाकुंभ के उद्घाटन समारोह से ठीक एक साल पहले बुधवार को यहां पहली बार इसके स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों को सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित किया गया।

जापान की राजधानी में प्रशंसकों, प्रायोजकों और राजनीतिज्ञों ने विभिन्न समारोह में हिस्सा लिया। लोगों के हाथों में तख्तियां थीं और घड़ी 365 दिन शेष दिखा रही थी। तोक्यो ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 24 जुलाई 2020 को होगा।

ओलंपिक 1976 में तलवारबाजी के स्वर्ण पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अध्यक्ष थामस बाक ने स्कूली बच्चों के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया। जापान ने इन खेलों की मेजबानी पर लगभग 20 अरब डॉलर खर्च किए हैं हालांकि ओलंपिक आयोजन पर होने वाले खर्चों का सटीक अनुमान लगाना मुश्किल है। खेलों के लिए आठ नये स्टेडियम तैयार किए जा रहे हैं जिनमें से पांच पर काम समाप्त हो गया है। नेशनल स्टेडियम एक अरब 25 करोड़ डालर की लागत से तैयार किया गया है जिसे इस साल के आखिर तक खोल दिया जाएगा।

तोक्यो में आइओसी समन्वयक दल के प्रमुख जॉन कोटेस ने कहा, 'उत्साह लगातार बढ़ रहा है। आप टिकटों की बिक्री में अभूतपूर्व दिलचस्पी से इसका अनुमान लगा सकते हैं।' जापानी लोगों की टिकटों की मांग आपूर्ति से दस गुना या इससे अधिक है। विदेशों से भी टिकटों की भारी मांग है। जापान में हाल में अनधिकृत तरीके से टिकटों की फिर से बिक्री करने पर रोक लगाने के लिए कानून बनाया गया था और तमाम खामियों के बीच इस कानून की असली परख होगी।

तैयारी

तोक्यो की ओलंपिक तैयारियां आखिर चरण में प्रवेश कर गई हैं। कोटेस ने हालांकि तैयारियों की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि खेलों के लिए तैयारियां सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

आयोजक तोक्यो की गर्मियों से निपटने के लिए भी तैयारियां कर रहे हैं। हालांकि इस बार यहां बारिश हुई। यातायात और भीड़ भी एक चिंता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष योशिरो मोरी ने कहा, 'इस साल तोक्यो का मौसम अच्छा रहा। यह पिछले साल की तुलना में बहुत भिन्न था।' मोरी ने कहा कि जापान के शासक नौरहितो ने तोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक का मानद संरक्षक बनना स्वीकार कर लिया है। संभावना है कि ओलंपिक और पैरालंपिक के शुरू होने की घोषणा भी नौरहितो ही करेंगे।

तोक्यो के गवर्नर युरिको कोइके से कुछ दिन पहले ओलंपिक पर किए गए अरबों के खर्चे को सही ठहराने के लिए कहा गया था। आयोजकों पर लागत में कटौती करने के लिए दबाव था और उन्होंने कहा कि मौजूदा स्टेडियमों का उपयोग करके उन्होंने अरबों डालर बचाए हैं। तोक्यो में आठ नए स्टेडियम तैयार किए जा रहे हैं लेकिन वह 35 अस्थायी या पुराने स्टेडियमों का उपयोग कर रहा है।

ओलंपिक समाप्त होने के बाद 25 अगस्त 2020 से पैरालंपिक शुरू होंगे। तोक्यो ने इससे पहले 1964 में ओलंपिक का आयोजन किया था जबकि एशिया महाद्वीप में आखिरी ओलंपिक 2008 में बेजिंग में हुए थे। (**भाषा**)

1



2



तोक्यो ओलंपिक की शुरुआत में अब 365 दिन रह गए हैं। बुधवार को ओलंपिक समिति ने जापान के तोक्यो स्टेशन के सामने एक घड़ी का उद्घाटन किया जिसमें ओलंपिक की उलटी गिनती दिखेगी। दूसरी तस्वीर में पदकों का अनावरण करते अधिकारी।

## निशाना चूके ना



हांगकांग के एक स्टेडियम में बुधवार को एक मैत्री मैच के दौरान गेंद को कब्जे में लेने की कोशिश में मैनचेस्टर सिटी और किचे का खिलाड़ी।

# जीत से विश्वकप में नगीना जड़ने उतरेगा इंग्लैंड

मनीष कुमार जोशी

हाल ही में संपन्न विश्व कप में न्यूजीलैंड को हराकर मेजबान इंग्लैंड चैंपियन बना। क्रिकेट के जन्मदाता कहे जाने वाले इस देश को विश्व विजेता बनने में लगभग 45 साल साल लग गए। अंग्रेज अपने इस प्रदर्शन पर गर्व कर सकते हैं क्योंकि अब वे इस खेल के बादशाह हैं। हालांकि उन्होंने इस जीत का जश्न किसी खास तरीके से नहीं मनाया। अगर कोई दूसरा देश होता तो मुमकिन था कि कई दिनों तक इस जीत का जश्न मनाया जाता। ईयोन मोर्गन की अगुवाई वाली टीम को इस जीत को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की श्रेणी में रखना स्वीकार नहीं है। उन्हें अब भी एक बेहतरीन टूर्नामेंट और उसमें खिताब की भूख है। उन्हें यह मौका एक अगस्त से शुरू हो रहा एशेज श्रृंखला मुहैया करा रही है। कई खिलाड़ियों का मानना है कि इस खिताब को जीतकर ही वे विश्व कप की जीत का भी जश्न मनाएंगे।

पिछली एशेज सीरीज में इंग्लैंड टीम का उसी तरह मानमर्दन हुआ जिस तरह से एशेज सीरीज की शुरुआत में हुआ था। पिछली सीरीज में आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पांच टैस्ट मैचों की श्रृंखला 4-0 से हराई थी। एक मैच ड्रॉ हुआ था। 4-0 से एशेज हार जाना अंग्रेजों को बर्दाश्त नहीं था। उन्हें उसी प्रकार की बेइज्जती का अहसास हुआ जैसा 1882 में हुआ था। हालांकि पहले भी इंग्लैंड आस्ट्रेलिया से हारता रहा है लेकिन एशेज उनसे बिलकुल अलग है। एशेज सीरीज आस्ट्रेलिया 33 बार और इंग्लैंड 32 बार जीता है।

एशेज

इंग्लैंड के प्रमुख खिलाडी जोए रूट ने कहा है कि अब हमारा ध्यान पूरी तरह से एशेज सीरीज पर है। विश्व कप खत्म हो चुका है और अब हमारे लिए एशेज सीरीज से अहम कोई दूसरी चीज नहीं है। हमारे लिए यह सीरीज विश्व कप से भी बड़ी है। हम विश्वकप जीतने का जश्न मना चुके हैं और हम अब पूरा ध्यान आगामी एशेज सीरीज पर देना है।

इंग्लैंड इस बार एशेज सीरीज की मेजबानी कर रहा है। सीरीज में पांच टैस्ट मैच खेले जाएंगे। अंग्रेजों को विश्व चैंपियन बनने का स्वाद तभी आएगा जब वो एशेज सीरीज जीत लेंगे। हालांकि विश्व कप के सेमी फाइनल में वो आस्ट्रेलिया को पराजित कर चुके हैं लेकिन वे इससे संतुष्ट नहीं हैं। वो इसे एशेज सीरीज की जीत के आगे महत्व नहीं देते।

आस्ट्रेलिया क्रिकेट अपने समय के बुरे दौर से गुजर रहा है। विश्व कप में उनका प्रदर्शन उनकी प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं रहा। मध्यक्रम और निम्नक्रम को लेकर उनके लिए समस्या है। स्टीवन स्मिथ और वार्नर प्रतिबंध के बाद वापसी कर रहे हैं। स्मिथ और वार्नर पर गेंद से छेड़छाड़ के कारण प्रतिबंध लगा दिया गया था। वापसी के बाद स्मिथ फॉर्म में नहीं आ सके हैं लेकिन वार्नर पूरी तरह से फॉर्म में हैं। गेंदबाजी में मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हैजलवुड कितना प्रभाव दिखाते हैं इस पर कंगारुओं की कामयाबी निर्भर करती है। इंग्लैंड के विकेटों पर स्टार्क तो सफल हो सकते है लेकिन शेष गेंदबाजों पर आस्ट्रेलियाई प्रबंधन पुख्ता नहीं है। एशेज सीरीज पर जाने वाली कंगारुओं की यह टीम मजबूत नजर नहीं आ रही है।

इंग्लैंड की टीम पूरी तरह से फॉर्म में है। उसके बल्लेबाज जोए रूट, मोर्गन, जॉनी बेयरस्टो, जोस बटलर और बेन स्टोक्स किसी भी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं।



जोफ्रा आर्चर

मिशेल स्टार्क

# एनआइए को शक्तिशाली बनाने वाला विधेयक लोकसभा में पास

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जुलाई।

लोकसभा ने बुधवार को विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण संशोधन विधेयक 2019 को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच और अभियोजन की प्रक्रिया में कई कठिनाइयों को दूर करना है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद जांच एजंसी को किसी को आतंकवादी घोषित करने, उसकी संपत्ति को जब्त करने और उनके खिलाफ जांच करने में तमाम तरह की सहूलियतें मिलेंगी। विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण संशोधन (यूएपीए) विधेयक को विचार करने के लिए रखे जाने का विरोध करते हुए एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी ने अध्यक्ष से मत-विभाजन की मांग की। सदन ने ओवैसी की आपत्तियों को 8 के मुकाबले 287 मतों से अस्वीकार कर दिया। इसके बाद ओवैसी ने अपने कुछ संशोधनों पर भी मत-विभाजन की मांग की।

इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की नियमावली के नियम-367 के एक खंड का हवाला देते हुए कहा कि यदि मत-विभाजन की मांग अनावश्यक है तो अध्यक्ष सदस्यों को अपने अपने स्थानों पर खड़े होने के लिए कह सकते हैं। सदस्यों की संख्या गिनकर 'हां' और 'ना' के पक्ष में मतों की गिनती की जा सकती है। इस बीच मत-विभाजन की ओवैसी की मांग को लेकर भाजपा के कुछ सदस्यों की उनसे नोकझोंक भी देखी गई और ओवैसी कहते सुने गए, 'यह मेरा हक है।' इसके बाद हुए मत-विभाजन में ओवैसी के संशोधनों को सदन ने खारिज कर दिया। ओवैसी द्वारा पेश संशोधन का समर्थन उनके साथ एआइयूडीएफ, नेशनल कांफ्रेंस और आइयूएमएल सदस्यों ने भी किया।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए देश में 'कठोर से कठोर कानून' की जरूरत है और यूपीए कानून में संशोधन देश की सुरक्षा में लगी जांच एजंसी को मजबूती प्रदान करने के साथ 'आतंकवादियों से हमारी एजंसियों को चार कदम आगे' रखने का प्रयास है। गृह मंत्री ने कहा कि यह संशोधन विधेयक केवल आतंकवाद को खत्म करने के लिए है और इसका हम कभी भी दुरुपयोग नहीं करेंगे और करना भी नहीं चाहिए।

विधेयक के उद्देश्यों व कारणों में कहा गया है कि विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 संगठनों व संगमों के कतिपय विधि विरुद्ध क्रियाकलापों के अधिक प्रभावी निवारण का उपबंध करने के लिए और आतंकवादी क्रियाकलापों से निपटने के लिए व उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में आतंकवाद के विभिन्न पहलुओं से संबंधित कतिपय उपबंधों को जोड़ने के लिए वर्ष 2004, 2008 और 2013 में संशोधन किया गया है।

# पूर्व प्रधानमंत्रियों की स्मृति में बनेगा आधुनिक संग्रहालय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जुलाई।

दिल्ली में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की स्मृति में एक आधुनिक संग्रहालय बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की नई पुस्तक 'चंद्रशेखर -द लास्ट आइकान ऑफ आइडियोलॉजिकल पालिटिक्स' के विमोचन के मौके पर इसकी घोषणा की। देश में नए राजनीतिक संस्कार की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में एक जमात ने अंबेडकर-पटेल जैसी महान विभूतियों की 'प्रतिकूल छवि' गढ़ने का प्रयास किया। पूर्व प्रधानमंत्रियों की स्मृतियों को मिटाने का प्रयास किया।

मोदी ने कहा कि आप सबके आशीर्वाद से मैंने ठान लिया है कि दिल्ली में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की स्मृति में एक बहुत बड़ा आधुनिक संग्रहालय बनाया जाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, आई के गुजराल, चंद्रशेखर, डा. मनमोहन सिंह का भी जिक्र किया। उन्होंने विभिन्न पूर्व प्रधानमंत्री के परिजनों, संबंधियों एवं मित्रों से उनसे जुड़ी चीजों को साझा करने को कहा। चंद्रशेखर की किसान पदयात्रा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज छोटा-मोटा कोई नेता भी 10-12 किमी की पदयात्रा करेगा तो 24 घंटे खबरों में बना रहेगा। मोदी ने कहा कि चंद्रशेखर जी ने चुनाव के दौरान नहीं, बल्कि गांव, गरीब, किसान को ध्यान में रखकर पदयात्रा की। लेकिन देश ने उन्हें जो गौरव देना चाहिए था, वो नहीं दिया। हम चूक गए



पुस्तक विमोचन के मौके पर संसद भवन पुस्तकालय में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि देश के इन प्रधानमंत्रियों को भूला दिया गया, जबकि देश निर्माण में हर किसी का योगदान रहा। उन्होंने सवाल किया, 'लाल बहादुर शास्त्री जीवित लौटकर आते तो यही जमात उनके साथ क्या क्या करती?' उन्होंने कहा कि एक प्रधानमंत्री के बारे में चर्चा की गई कि वे क्या पीते हैं। एक प्रधानमंत्री के बारे में धारणा बनाई गई कि वे बैठक में नींद लेते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस समय कांग्रेस का सितारा चमक रहा हो उस समय वो कौन सी प्रेरणा होगी कि एक व्यक्ति ने कांग्रेस से बगावत का रास्ता चुन लिया। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर हमेशा अटल बिहारी वाजपेयी को 'गुरु जी' कहकर बुलाते थे और सदन में भी बोलते थे तो पहले अटल जी से कहते थे, 'गुरु जी मुझे माफ़ करिये, मैं आज जरा आपकी आलोचना करूंगा।' इस अवसर पर उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि वे सदैव चंद्रशेखर के विचार, व्यवहार और आचरण के कायल रहे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि चंद्रशेखर ऐसे राजनेता थे जिन्होंने भारतीय राजनीति को दिशा दी और पूरा जीवन समाजवाद को समर्पित कर दिया । राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि चंद्रशेखर हमेशा देश के लिये सोचते थे। उनका अपनाया रास्ता लम्बा था लेकिन उस रास्ते पर चलने के लिये उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया । आजाद ने कहा कि उन्होंने समाजवाद का नारा लगाया और आखिरी दम तक उसके लिये संघर्ष करते रहे ।

## दिल्ली सहित देश के तीन राज्यों में होगा मेट्रो का विस्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जुलाई।

दिल्ली-कोच्चि और नागपुर में जल्द ही मेट्रो की नई लाइनें उपलब्ध होंगी। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने इन राज्यों की तीन लाइनों को सौ दिन के मसविदे में शामिल किया है।

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि इन लाइनों के विस्तार पर मंत्रालय काम कर रहा है और जल्द ही इन रूट पर भी मेट्रो की सेवाएं उपलब्ध होंगी। 100 दिन के अंदर में देश के विभिन्न राज्यों में मेट्रो की तीन लाइनों को चालू किया जाएगा। इन लाइनों में दिल्ली में द्वारका से नजफगढ़ लाइन (4.3 किलोमीटर), कोच्चि में महाराजा कॉलेज से थायकुडम मेट्रो (5.6 किलोमीटर) और नागपुर में लोकमान्य नगर से सिताबुल्दी मेट्रो (11 किलोमीटर) का रूट शामिल है। इनका निर्माण कार्य आखिरी चरण में चल रहा है और ये कॉरिडोर जल्द ही यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध होंगे। इन रूट के शुरू होने से प्रतिदिन करीब 15 हजार यात्री प्रतिघंटा पर इन सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन कॉरिडोर के पर एलिवेटिड मेट्रो 50 फीसद व भूमिगत मेट्रो 20 फीसद कमी लाई गई है। शहरी विकास मंत्रालय के मुताबिक रेल नेटवर्क देशभर में मई 2014 तक करीब 247 किलोमीटर तक था। केंद्र सरकार के कार्यकाल में इस नेटवर्क में तेजी से विस्तार किया गया है। अब यह नेटवर्क बढ़ कर 657 किलोमीटर हो गया है और 18 शहरों को इससे जोड़ा जा चुका है।

## सदस्यता अभियान की रिपोर्ट लेंगे अमित शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जुलाई।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान पर गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह रिपोर्ट लेंगे। इसके लिए देश भर में प्रदेश स्तर पर तैयारियां की जा रही है। एक साथ देश भर के सभी प्रदेश अध्यक्ष इस बैठक से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे और अब तक राज्य में जोड़े गए सदस्यों की जानकारी देंगे। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा व राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामलाल भी शामिल रहेंगे।

राज्य स्तर पर इस कांफ्रेंस में सभी प्रदेश अध्यक्षों के अतिरिक्त प्रदेश के संगठन मंत्री जुड़ेंगे। अभियान से जुड़े नेताओं ने बताया कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य स्तरों पर जगह-जगह कैंप लगाए जा रहे हैं और भाजपा नेता धार्मिक स्थलों तक भी पहुंच रहे हैं।

## गृह मंत्रालय में अजय भल्ला ओएसडी नियुक्त

नई दिल्ली, 24 जुलाई (भाषा)।

ऊर्जा सचिव अजय कुमार भल्ला का नया गृह सचिव बनना तय है। सरकार ने बुधवार को उन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया। एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक भल्ला असम-मेघालय कैडर के 1984 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। वह राजीव गौबा की जगह ले सकते हैं। गौबा 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने तत्काल प्रभाव से गृह मंत्रालय में ओएसडी के रूप में भल्ला की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने बताया कि आदेश में भले ही इस बात का उल्लेख नहीं हो कि भल्ला अगले गृह सचिव होंगे लेकिन ओएसडी की नियुक्ति निर्बाध कार्यभार हस्तांतरण के लिए की जाती है। केंद्रीय गृह सचिव के रूप में भल्ला का अगस्त 2021 तक दो साल का तय कार्यकाल होगा।

## कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मुद्दे पर मंत्रियों के समूह का पुनर्गठन

नई दिल्ली, 24 जुलाई (भाषा)।

सरकार ने कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के मुद्दों को देखने वाले मंत्रियों के समूह (जीओएम) का पुनर्गठन किया है। इसमें गृह मंत्री अमित शाह ने अपने पूर्ववर्ती राजनाथ सिंह की जगह ली है।

**जीएमओ में राजनाथ सिंह की जगह अमित शाह**

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पुनर्गठित मंत्रियों के समूह के अन्य सदस्यों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी शामिल हैं।

मौजूदा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा पिछली सरकार में इस मुद्दे पर गठित मंत्रियों के समूह में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी शामिल थीं। मंत्रियों के समूह का गठन अक्तूबर 2018 में कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने और उससे निपटने के लिए कानूनी एवं सांस्थानिक ढांचे को मजबूत करने के वास्ते अनुशंसाएं करना है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'चुनाव के बाद नई सरकार के गठन के साथ ही मंत्रियों के समूह ने पक्षकारों के साथ विचार-विमर्श किया और वह उनसे मिले कई सुझावों का अध्ययन कर रहा है।'

## एनआइए ने कश्मीर में चार ठिकानों पर की छापेमारी

नई दिल्ली, 24 जुलाई (भाषा)।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिए जाने के साल 2018 के एक मामले में कश्मीर घाटी में चार जगहों पर छापेमारी की। यह छापे उन आतंकवादियों का पता लगाने के लिए मारे गए थे जो कथित रूप से घाटी के युवाओं को पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा (एलईटी) में शामिल होने के लिए उकसाते थे।

संघीय जांच एजंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर के राजबाग इलाके में बख्तियार मुजीब मुल्लाह के परिसरों व बडगाम में जहूर अहमद शेख, बशीर अहमद शेख व मोहम्मद अफजल मीर के घरों पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी में राष्ट्रीय जांच एजंसी का सहयोग सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस ने किया। उन्होंने बताया कि एजंसी को छापेमारी में जो सामग्री मिली उसमें आतंकवादियों के फोटो समेत उकसाने वाले दस्तावेज, पांच मोबाइल फोन, एक लैपटाप, एक हार्ड डिस्क, मैमोरी, सिम कार्ड व कुछ पेनड्राइव भी मिली हैं।

## वीआइपी सुरक्षा में लगे
# 1300 कमांडो सुरक्षा बलों को मिले वापस

नई दिल्ली, 24 जुलाई (भाषा)।

देश भर के कई नेताओं और जन प्रतिनिधियों की सुरक्षा में लगे 1300 से अधिक कमांडो केंद्रीय सुरक्षा बलों को वापस मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने इस हफ्ते की शुरुआत में करीब 350 अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीआइपी) की सुरक्षा समीक्षा की थी।

अधिकारी ने बताया कि इस समीक्षा के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल(सीआइएसएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और दिल्ली पुलिस के 1,300 से अधिक सुरक्षाकर्मी वीआइपी सुरक्षा कार्य से मुक्त हुए हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के करीब 3,000 कमांडो अब भी केंद्र सरकार के वीआइपी सुरक्षा इंतजाम का हिस्सा रहेंगे।

ऐसे कई लोग जिनकी वीआइपी सुरक्षा वापस ली गई है उन्हें राज्य पुलिस सुरक्षा प्रदान करेगी। अगर सुरक्षा पाने वाला व्यक्ति दिल्ली में है तो दिल्ली पुलिस उनकी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि ताजा समीक्षा एक नियमित कदम है, जो ऐसे लोगों को होने वाले खतरों को ध्यान में रख कर मुहैया किया जाता है। यह समीक्षा काफी समय से लंबित थी।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने वीआइपी सुरक्षा पाने वालों का केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में सोमवार को पहली बार पूर्ण समीक्षा की। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की 'जेड प्लस' सुरक्षा के अलावा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी, भाजपा के पूर्व सांसद कीर्ति आजाद, शत्रुघ्न सिन्हा, हिमाचल प्रदेश के नव नियुक्त राज्यपाल कलराज मिश्रा, पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार सहित अन्य की भी 'जेड' सुरक्षा वापस ली गई है।

## मुजफ्फरनगर दंगों के 74 मामलों को बंद करने की अदालत से नहीं मिली अनुमति

मुजफ्फरनगर, 24 जुलाई (भाषा)।

मुजफ्फरनगर में 2013 के दंगों से जुड़े 74 मामलों को बंद करने की उत्तर प्रदेश सरकार की मांग को अदालत ने खारिज कर दिया है। सरकार को अदालत से एक भी मामले को वापस लेने की अनुमति नहीं मिली है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को इस बारे में बताया।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार सिंह ने बताया,'राज्य सरकार ने दंगे के कुल 74 मामलों को वापस लेने के लिए, पिछले छह महीने में 10 अलग-अलग अधिसूचना जारी की।' उन्होंने कहा, 'हालांकि सरकार को एक भी मामला वापस लेने की अनुमति नहीं मिली है।' जिला प्रशासन को करीब दो महीने पहले 20 मामले वापस लेने के निर्देश मिले थे लेकिन सभी अनुरोध अदालत के सामने विचार के लिए लंबित है।

## संजय कोठारी को मिला तीन साल का सेवा विस्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जुलाई।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के सचिव संजय कोठारी के कार्यकाल में तीन साल के सेवा विस्तार को बुधवार को सरकार ने मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने कोठारी के सेवा विस्तार को मंजूरी दी। कोठारी 1978 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। वे हरियाणा कैडर से हैं। समिति ने गुजरात कैडर के 1999 बैच के आइएएस अफसर अजय भादू को राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। वे इससे पहले गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल के सचिव थे। कोठारी और भादू दोनों का कार्यकाल राष्ट्रपति के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक रहेगा। कोठारी को राष्ट्रपति ने अपना सचिव नियुक्त किया था। वे 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे।

## कर्नाटक पर देश भर में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जुलाई।

कर्नाटक में विधायकों की खरीद-फरोख्त कर कांग्रेस-जद (सेकु) गठबंधन की सरकार को गिराने का आरोप लगा कर कांग्रेस ने इसके खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन का एलान किया है, वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कर्नाटक की गठबंधन सरकार के पतन का ठीकरा भाजपा के सिर फोड़ते हुए आरोप लगाया कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र को व्यवस्थित ढंग से कमजोर कर रही है। प्रियंका ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा-एक दिन भाजपा को यह पता चलेगा कि सब कुछ नहीं खरीदा जा सकता, हर किसी के पीछे नहीं पड़ा जा सकता और हर झूठ आखिरकार बेनकाब होता है। राहुल गांधी ने कहा कि आखिरकार निहित स्वार्थ वाले लोगों के लालच की जीत हो गई।

## केंद्रीय सूचना आयोग करेगा पूर्ण पीठ का गठन

पेज 1 का बाकी

पर निर्णय करने के लिए पूर्ण पीठ गठित करने का निर्णय लिया है। मुंबई ट्रेन बम धमाकों के सिलसिले में दोषी एहतेशाम को मौत की सजा सुनाई गई है। विस्फोट के मामले में गलत तरीके से फंसाने का दावा करने वाले एहतेशाम ने कहा कि उसने जो रिकार्ड मांगा है वह उसके आरटीआइ आवेदन दायर करने के दिन से 20 साल पुराना है। उसने यह आवेदन 2018 में दिया था।

एहतेशाम ने सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 8(3) का हवाला दिया जो कहती है कि किसी भी वाकये, घटना या मामले से संबंधित जानकारी, जो उस दिनांक से 20 साल पहले घटित हुई है, जिस पर धारा 6 के तहत कोई भी अनुरोध किया गया है, उस धारा के तहत अनुरोध करने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रदान की जाएगी। मुख्य सूचना आयुक्त सुधीर भार्गव ने कहा, 'आयोग, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और रिकार्ड्स का अवलोकन करने के बाद यह पाया कि इसके समक्ष यह मुद्दा है कि क्या आरटीआइ अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (3) के तहत लोक प्राधिकार के पास मौजूद व्यक्तिगत सूचना का खुलासा 20 वर्ष बीतने के बाद सूचना का अधिकार के आवेदन के तहत किया जाएगा या नहीं।' भार्गव ने कहा कि आयोग का मानना है कि इस मामले में निर्णय का आरटीआइ अधिनियम के कार्यान्वयन पर बड़ा प्रभाव होगा। इसके मद्देनजर आयोग की राय है कि इस मामले को एक वृहद पीठ को भेजा जाना चाहिए।

एहतेशाम को 2006 में मुंबई उपनगरीय ट्रेनों में हुए धमाकों के मामले में मौत की सजा सुनाई गई थी। इन ट्रेनों के प्रथम श्रेणी कोचों में 11 जुलाई 2006 को हुए आरडीएक्स धमाकों में 188 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 829 अन्य घायल हो गए थे

## *अवैध रेत खनन :* केंद्र, पांच राज्यों व सीबीआइ को नोटिस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जुलाई।

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रेत खनन में शामिल लोगों के पट्टों के लाइसेंस रद्द करने और गैरकानूनी रेत खनन के मामलों की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच के लिए दायर याचिका पर बुधवार को केंद्र, सीबीआइ और पांच राज्यों को नोटिस जारी किए।

न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बीआर गवई के तीन सदस्यीय पीठ ने केंद्र और सीबीआइ के साथ ही मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु को नोटिस जारी किए। इन सभी को चार हफ्ते के भीतर नोटिस का जवाब देना है। हालांकि शुरू में पीठ ने याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने के लिए कहा था। रेत के अवैध खनन से पर्यावरण को हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाते हुए यह याचिका एम अलगारसामी ने दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील प्रशांत भूषण और प्रणव सचदेव ने बहस के दौरान कहा कि इन राज्यों में आवश्यक पर्यावरण संबंधी मंजूरी के बगैर ही रेत का खनन हो रहा है। इस तरह का अवैध खनन पर्यावरण पर प्रतिकूल असर डालने के साथ ही आसपास के इलाकों की पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचा रहा है। इस पर पीठ ने प्रशांत भूषण से कहा कि उन्हें पहले हाई कोर्ट जाना चाहिए था। पीठ ने कहा-हम हाई कोर्ट के आदेश का लाभ उठाना चाहते हैं ताकि हम सही तरीके से इस मुद्दे पर निर्णय कर सकें। लेकिन बाद में पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी किए। भूषण ने कहा कि संबंधित प्राधिकारियों ने अनिवार्य पर्यावरण योजना और मंजूरी के बगैर ही खनन की अनुमति दे रखी है और रेत के गैरकानूनी खनन की वजह से पर्यावरण बुरी तरह खराब हो गया है।

# 'सांप्रदायिकता से न जोड़ें आपराधिक घटनाओं को'

पेज 1 का बाकी

भी आपराधिक घटनाओं को सांप्रदायिकता से नहीं जोड़ना चाहिए। देश में दलित और अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं। लोकसभा चुनाव में मिली हार से उबर नहीं पाए लोग ऐसी कोशिश कर रहे हैं।'

हिंसा और असहनशीलता पर सरकार की चुप्पी के खिलाफ लेखकों के विरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'हमने 2014 के चुनाव के बाद अवार्ड वापसी के नाम पर ऐसी ही चीजें देखी थीं, यह उसी का भाग-दो है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित 23 जुलाई के पत्र में कहा गया है कि 'असहमति के बिना लोकतंत्र नहीं होता है।' देश में धार्मिक पहचान के कारण घृणा अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता प्रकट करते हुए प्रबुद्ध नागरिकों के एक समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खुले पत्र में कहा है कि 'जय श्री राम' का उद्घोष भड़काऊ नारा बनता जा रहा है और इसके नाम पर पीट-पीट कर हत्या के कई मामले हो चुके हैं। फिल्मकार अदूर गोपालकृष्णन और अपर्णा सेन, गायिका शुभा मुद्गल और इतिहासकार रामचंद्र गुहा, समाजशास्त्री आशीष नंदी सहित 49 नामी शख्सियतों ने 23 जुलाई को यह पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि 'असहमति के बिना लोकतंत्र नहीं होता है।' पत्र में कहा गया है, 'हम शांतिप्रिय और स्वाभिमानी भारतीय के रूप में, अपने प्यारे देश में हाल के दिनों में घटी कई दुखद घटनाओं से चिंतित हैं।'

पत्र में कहा गया है, 'मुसलिमों, दलितों और अन्य अल्पसंख्यकों की पीट-पीटकर हत्या के मामलों को तत्काल रोकना चाहिए। हम एनसीआरबी का आंकड़ा देखकर चौंक गए कि वर्ष 2016 में दलितों पर अत्याचार के कम से कम 840 मामले थे लेकिन दोषसिद्धि के प्रतिशत में गिरावट देखी गई।' पत्र के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि देश में दलित और अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं।

पत्र में 'फैक्टचेकर इनडाटाबेस' और 'सिटिजंस रिलिजियस हेट क्राइम वाच' के तथ्यों का भी हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि पिछले नौ साल में धार्मिक पहचान आधारित घृणा अपराध के मामले बढ़े हैं, 62 प्रतिशत पीड़ित मुसलिम समुदाय हैं। पत्र में कहा गया, 'इनमें करीब 90 प्रतिशत हमले मई 2014 के बाद हुए, जब आपकी सरकार ने देश में कार्यभार संभाला।' पत्र में कहा गया है कि जय श्री राम के उद्घोष को भड़काऊ नारे में बदल दिया गया है और इससे कानून-व्यवस्था की समस्या होती है और इसके नाम पर पीट पीटकर हत्या के कई मामले हो चुके हैं।

इन्होंने पत्र में कहा है, यह बात हैरान करने वाली है कि धर्म के नाम पर इतनी हिंसा हो रही है। पत्र में कहा गया, 'ये मध्य युग नहीं हैं। भारत के बहुसंख्यक समुदाय में राम का नाम कई लोगों के लिए पवित्र है। इस देश की सर्वोच्च कार्यपालिका के रूप में आपको राम के नाम को इस तरीके से बदनाम करने से रोकना होगा।' विशिष्ट जनों ने कहा कि संसद में ऐसी घटनाओं की आलोचना करना पर्याप्त नहीं है। वास्तव में अपराधियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है? हम दृढ़ता से लगता है कि ऐसे अपराधों को गैर-जमानती घोषित किया जाना चाहिए और ऐसी सजा होनी चाहिए जो दूसरों के लिए उदाहरण बने।

यह लोकतंत्र में असंतोष के महत्व को भी रेखांकित करता है। पत्र में विशिष्ट जनों ने कहा है कि असहमति के बिना कोई लोकतंत्र नहीं है। लोगों पर राष्ट्रविरोधी या शहरी नक्सली का लेबल नहीं लगाया चाहिए और सरकार के खिलाफ असहमति जताने की वजह से कैद में नहीं डाला जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि अगर कोई सत्तारूढ़ दल की आलोचना करता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह राष्ट्र के खिलाफ है। अपर्णा सेन ने पत्र में उठाए गए मुद्दे पर बुधवार को कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में बात की। उन्होंने कहा कि देशभर में पीट पीटकर हत्या के मामलों के बारे में पढ़ना बहुत निराशाजनक है और मीडिया से पत्र को राजनीतिक रंग नहीं देने के लिए कहा।

## पाक में अभी भी 30 से 40 हजार आतंकी

पेज 1 का बाकी

चलाने दें'। खान ने कहा, 'हम पहली सरकार हैं जिसने आतंकी समूहों को निरस्त्र करना शुरू किया है। यह पहली बार हो रहा है। हमने उनके संस्थानों और मदरसों का नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया है। हमने वहां प्रशासक नियुक्त किए हैं।' पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कांग्रेसनल पाकिस्तान कॉकस की अध्यक्ष शीला जैक्सन ली द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में 40 अलग-अलग आतंकवादी समूह सक्रिय थे। पाकिस्तान ऐसे दौर से गुजरा है जहां हमारे जैसे लोग चिंतित थे कि क्या हम (पाकिस्तान) इससे सुरक्षित निकल पाएंगे। इसलिए जब अमेरिका हमसे और करने तथा आतंक की लड़ाई को जीतने में हमारी मदद की आशा कर रहा था, उसी वक्त पाकिस्तान अपना अस्तित्व बचाने के लिए लड़ रहा था।' खान ने कहा कि यह बहुत महत्त्वपूर्ण था कि वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य शीर्ष अमेरिकी नेताओं से मिले। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें बताया कि आगे बढ़ने के लिए हमारे रिश्ते आपसी विश्वास पर आधारित होने चाहिए।'

## भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालय: शिपिंग हाउस, 245 मैडम कामा रोड, मुंबई – 400021
वेबसाइट: www.shipindia.com; Twitter: @shippingcorp
सीआईएन: L63030MH1950GOI008033

**सूचना**

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स ऐंड डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 और 47 के अनुसरण में निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन दिनांक **09.08.2019** को मुंबई में निर्धारित किया गया है, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ 30.06.2019 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय नतीजों को सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स ऐंड डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत अनुमोदित किया जाना है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25/07/2019

दिपंकर हालदार
कार्यकारी निदेशक (विधिक कार्य) एवं कंपनी सचिव

**कार्गो मंजिल तक पहुँचाए, जीवन को राह दिखाए.**

## जॉब कार्य के लिये कोटेशन आमंत्रण

मै. राठी सुपर स्टील लिमिटेड माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण (''एनसीएलटी''), नई दिल्ली द्वारा आदेश सं. सीपी नं.: IB-1446 (PB)/2018, तिथि 12 जून, 2019 के माध्यम से कॉर्पोरेड इन्सॉल्वेन्सी रिज़ॉल्यूशन प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अधीन गुजर रही है।

| | |
|---|---|
| नाम | राठी सुपर स्टील लिमिटेड |
| निगमन की तिथि | 22 अप्रैल, 1991 |
| पंजीकृत कार्यालयः | सीएससी मयूर विहार, फेज–III, कोण्डली घरोली, दिल्ली में फ्लैट नं. 207, वर्धमान मयूर मार्केट |
| उत्पादन इकाई | ए1, औद्योगिक क्षेत्र, जीटी रोड के दक्षिण, विजय नगर पुलिस चौकी के निकट, गाजियाबाद–201009 |
| कॉर्पोरेट कार्यालय | ए–6/35, प्रथम तल, जीटी रोड के दक्षिण दिशा में, औद्योगिक क्षेत्र, गाजियाबाद–201009 |
| निर्मित उत्पाद | टीएमटी बार्स, वायर रॉड्स तथा स्टेनलेस–स्टील वायर रॉड्स |
| उत्पादन इकाई का क्षेत्रफल | 21 एकड़ |
| संस्थापित क्षमता | स्टील मेल्टिंग शॉपः 1,03,000 एमटीपीए<br>रॉलिंग मिल्सः 1,62,000 एमटीपीए |

यह कम्पनी पिछले 18 माह से चालू अवस्था में नहीं है।
राठी सुपर स्टील लि. के पास ऊपर वर्णित सुविधा है, यदि कोई व्यक्ति जॉब कार्य के लिये सुविधा का उपयोग करने के इच्छुक हो तो कृपया सम्पर्क करें:
रीसर्जेन्ट इंडिया लिमिटेडः
श्री जोगिन्दर सिंह
ईमेलः cirp.rathisupersteel@gmail.com
मोबा.: (+91) 7840000667

हस्ता./–
हरीश चन्द्र अरोड़ा
रिज़ॉल्यूशन प्रॉफेशनल
राठी सुपर स्टील लिमिटेड
(सीआईआरपी में)

## पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
...भरोसे का प्रतीक ! ...the name you can BANK upon !

सामान्य सेवाएँ प्रशासन अनुभाग
प्रधान कार्यालय, प्रथम तल, प्लाट सं. 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली –110075

### ई–निविदा सूचना

पंजाब नैशनल बैंक पात्र बोली दाताओं से, **"पी एन बी प्रधान कार्यालय बिल्डिंग, प्लाट संख्या - 4, सेक्टर - 10, द्वारका, नई दिल्ली - 110075 तथा दिल्ली व एन सी आर स्थित बैंक के विभिन्न आवासीय फ्लैटों में पम्पस, सेनेटरी एवं इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशंस के वार्षिक रखरखाव अनुबंध और संचालन एवं रखरखाव"** हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है। कार्य की अनुमानित लागत रु.178 लाख; निविदा शुल्क: रु. 11,800/-, बयाना राशि (ईएमडी: रु. 3,56,000/- है। निविदा को डाउनलोड करने का शुभारम्भ 25.07.2019 को 10:00 बजे से है। निविदा दस्तावेज को डाउनलोड करने की अंतिम तिथि, बोली तैयार करने और हैश प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.08.2019, 15:00 बजे तक है। पुनः एन्क्रिप्शन और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 08.08.2019; 14:00 बजे तक है।

उपरोक्त कार्य के लिए निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाइट **www.pnbindia.in/ https://etender.pnbnet.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं। उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में कोई भी परिशिष्ट/ स्पष्टिकरण केवल उक्त वेबसाइट पर जारी किये जाएंगे जिसे नियमित रूप से देखते रहें।

मुख्य प्रबंधक

# नियुक्तियां




## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
BHARAT ELECTRONICS
(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक उद्यम)
(CIN: L32309KA1954GOI000787)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न कम्पनी एवं भारत की प्रमुख व्यवसायिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को पंचकूला एकक में **निर्धारित समय (Fixed Term) 05 (पाँच) वर्ष** की समयावधि हेतु इलेक्ट्रॉनिकल अभियंता की आवश्यकता है।

| क्र. सं. | पद | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | 01.07.2019 को अधिकतम आयु सीमा | आरक्षण | पदों की संख्या | ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ अभियंता | बी.ई/बी.टेक/ए.एम.आई.ई./ जी.आई.ई.टी.ई. इलेक्ट्रीकल/ इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स AICTE से अनुमोनित कालेज से या स्वीकृत विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी मे हो एवं 4–5 वर्ष का संबंधित क्षेत्र में अनुभव ((post qualification) हो। (अध्यापन के अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा। | 32 वर्ष | अनारक्षित | 1 | ई- III ₹ 50,000- 3% - ₹ 1,60,000 + लागू भत्ते |

विस्तृत विज्ञापन के लिए, इच्छुक अभ्यर्थी हमारी वेबसाइट **www.bel-india.in** पर जाकर आवेदन पत्र और हिदायतों को डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र दिनांक **07.08.2019** तक या उससे पहले, निर्धारित फार्म में ही प्रस्तुत किया जा सकता है।

## AIR INDIA AIR TRANSPORT SERVICES LIMITED
**(A wholly owned subsidiary of Air India Ltd.)**

### WALK-IN RECRUITMENT

Air India Air Transport Services Limited (AIATSL) wishes to engage on immediate basis Indian Nationals (Male& Female) who meet with the requirements stipulated herein, **for various posts** for ground dubes et Airport/Station on **Fixed Term Contract basis for a period of three years** which may be renewed subject to their performance and the requirement of the Company, to fill-in the existing vacancies as shown below and to maintain a wait-list for vacancies arising in future.

| Sr. No. | Position | No. of post | Station |
|---|---|---|---|
| 1 | Dy. Terminal Manager (Pax Handling) | 4 | Chennai-2, Kolkata-2 |
| 2 | Duty. Manager - Terminal/Ramp | 10 | Chennai-4, Kanoor-2, Kolkata-4 |
| 3 | Dy. Officer Terminal | 24 | Kozhikode-1, Chennai-4, Amritsar-1, Bhopal-1, Raipur-1, Surat-1, Kolkata-10, Bhubaneswar-1, Patna-1, Guwahati-1, Imphal-1, Port Blair-1 |
| 4 | Officer HR/IR | 2 | Chennai-1, Kolkata-1 |
| 5 | Officer Accounts | 1 | Chennai |
| 6 | Jr. Executive - Human Resource/Administration | 4 | Kolkata-2, Chennai-2 |
| 7 | Je Pax | 73 | Kozhikode-3, Madurai-1, Coimbatore-1, Tirupati-1, Visakhapatnam-1, Vijayawada-1, Mysore-1, Raipur-1, Chandigarh-1, Indore-1, Surat-1, Ahmedabad-2, Bhavnagar-1, Bhuj-1, Jamnagar-1, Rajkot-1, Vadodara-1, Kolkata-25, Bhubaneswar-2, Patna-1, Guwahati-2, Imphal-1, Agartala-2, Dimapur-1, Silchar-1, Ranchi-2, Chennai-16 |
| 8 | JET | 2 | Kozhikode-1, Srinagar-1 |
| 9 | CA | 105 | Kozhikode-30, Mysore-5, Bhopal-6, Ahmedabad-31, Surat-10, Rajkot-1, Vadodara-6, Diu-1, Shimla-2, Kullu-2, Dharamshalla-2, Bhatinda-2, Chandigarh-6 |
| 10 | RSA | 31 | Kozhikode-4, Kochi-10, Mysore-1, Surat-2, Ahmedabad-8, Bhuj-1, Diu-1 Jamnagar-1, Rajkot-1, Vadodara-2 |
| 11 | UARD | 54 | Kozhikode-8, Kochi-16, Mysore-3, Surat-2, Ahmedabad-6, Bhavnagar-1, Rajkot-2, Vadodara-2, Diu-1, Raipur-5, Indore-3, Bhopal-5 |
| 12 | HM | 182 | Kozhikode-46, Mysore-7, Surat-15, Ahmedabad-20, Bhavnagar-1, Bhuj-1, Jamnagar-3, Rajkot-10, Vadodara-11, Kochi-68 |

- Govt. guidelines applicable for Reserved Categories.
- For Application Format and all other details, please see **Advertisement** on our website- **www.aiatsl.com(Careers)/www.airindia.in (careers)**

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
एक परिवार एक बैंक

दिल्ली अंचल कार्यालय 15, एनबीसीसी टॉवर, तीसरी मंजिल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–66, फोन: 011–26164817/26197769 फैक्स: 011–26171554, ई–मेल: legal_del@mahabank.co.in

### कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** ओर से वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का संख्यांक 54) के अन्तर्गत तथा नियम 13(12) के सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 3 के तहत दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए **दिनांक 01.05.2019** को एक माँग नोटिस जारी करके **1.मैसर्स शिवोम मोर्टस (उधारकर्ता) 2. श्री मनीष शर्मा (उधारकर्ता) 3. श्री सतबीर शर्मा (गारंटर)** को पुनर्भुगतान करने के लिए **रु. 25,60,421/– (रु. पच्चीस लाख साठ हजार चार सौ इक्कीस मात्र) अप्रयुक्त ब्याज @12.75% दिनांक 08.05.2019** के बाद से उक्त नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए कहा गया था। (नोटिस स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा गया था)
ऋणी द्वारा उक्त राशि की अदायगी न करने के कारण उधारकर्ता/गारंटर और जन साधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के सपठित नियमों के नियम 8 के अन्तर्गत दिये गये अधिकारों का उपयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा दिनांक **20 जुलाई 2019** को ले लिया है।
उधारकर्ता/गारंटर एवं जन साधारण को इस नोटिस के द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे निम्नलिखित संपत्तियों से सम्बन्धित कोई लेन–देन न करें तथा संपत्तियों मे किया गया कोई भी लेन–देन उल्लेख की गई राशि के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अधीन किया जाएगा।
सुरक्षित सम्पत्ति के एवज में उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।
**बैंक को गिरवी रखी गई और बैंक द्वारा कब्जे में ली गई संपत्तियों का विवरण निम्नानुसार है: खेवट नं. 175/167, खतौनी नं. 197, मस्टिल एवं किला नं. 215/6 जोकि मौजा कलानौर कलां, एमसी लिमिट कलानौर के भीतर, उप–तहसील कलानौर, जिला–रोहतक परिमापन 121 वर्ग गज**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लिए
सहायक महाप्रबंधक और
प्राधिकृत अधिकारी (सरफेसी अधिनियम, 2002)

दिनांक: 20.07.2019

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
(भारत सरकार का उपक्रम)
जेड ओ एस ए आर बी, 13वाँ तल, बैंक ऑफ बड़ौदा भवन, 16, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
फोन : 011-23441330, मो.- 9584317482, ई–मेल : armdel@bankofbaroda.com

### शुद्धि पत्र

दिनांक 22.06.2019 को इस समाचार पत्र में छपे विज्ञापन ई–नीलामी सूचना और दिनांक 24.07.2019 के शुद्धिपत्र के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि क्र.सं. 1 **मैसर्स एम के ओवरसीज प्रा. लि. (दो लॉट)** के खाते की सम्पत्ति की ई– नीलामी सांकेतिक कब्जे के साथ "जहां है, जैसा है, जो कुछ भी है और दायित्व रहित" के आधार पर दिनांक 29.07.2019 को होनी थी।

हम यह भी सूचित करते हैं कि क्र.सं. 1 की सम्पत्ति का मूल्य रु. **45,00,00,000/-**(रु. पैंतालीस करोड़ मात्र) जिसमें कि भूमि एवं भवन का मूल्य रु **38,00,00,000/-** (रु. अड़तीस करोड़ मात्र) और प्लांट एवं मशीनरी का मूल्य रु.**7,00,00,000/-** (रु. सात करोड़ मात्र) है. और क्र.सं 1 की दूसरी सम्पत्ति का मूल्य रु. **20,00,00,000/-** (रु. बीस करोड़ मात्र) जिसमें कि भूमि एवं भवन का मूल्य रु **15,25,00,000/-** (रु. पंद्रह करोड़ पच्चीस लाख मात्र) और प्लांट एवं मशीनरी का मूल्य रु. **4,75,00,000/-** (रु. चार करोड़ पिच्चहत्तर लाख मात्र) है।

हम आगे सूचित करते है कि प्रथम संपत्ति का आरक्षित मूल्य रु. **45,00,00,000/-** (रु. पैंतालीस करोड़ मात्र) और धरोहर राशि रु. **4,50,00,000/-** (रु. चार करोड़ पचास लाख मात्र) और दूसरी सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य रु. **20,00,00,000/-** (रु. बीस करोड़ मात्र) और धरोहर राशि रु. **2,00,00,000/-** (रु. दो करोड़ मात्र) है।

दोनों संपत्तियों की बोली वृद्धि राशि समान रहेगी अर्थात रु. **500000/-** (रु. पाँच लाख मात्र)

हम आगे सूचित करते हैं कि सफल बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी पर लागू जीएसटी का भुगतान करना होगा।

शेष अन्य नियम व शर्तें पहले अनुसार ही रहेंगी।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 25-07-2019

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

## सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

Branch- G. Noida, Plot no. S-9, Gamma Shopping Mall, Noida, Gr. Noida Road, Distt. Gautam Buddha Nagar, Gr. Noida, U.P.- 201306
E-mail: br.8895@syndicatebank.co.in

### कब्जा नोटिस
### 8(1), नियम के तहत, सुरक्षा प्रवर्तन नियम, 2002

जैसा कि अधोहस्ताक्षर कर्ता ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सिंडिकेट बैंक शाखा गाजियाबाद का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए तथा धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 09.05.2019, को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उधारकर्ता जगत बंसल, ब्राईटवे इण्डस्ट्रिज प्रा0लि0 खाताधारक हैं को मांग नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर राशि रू.– 80,00,681.34/– (रूपये अस्सी लाख छः सौ इक्यासी और चौतिस पैसे केवल) अदा करने की तिथि उस पर ब्याज अदा करने को कहा गया था।
ऋणी द्वारा धनराशि अदा न करने पर ऋणी तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त अधिनियम के नियम 8 एव 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 22 जुलाई 2019 को निम्नलिखित वर्णित संपत्तियों का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से संपत्तियों के मालिक तथा आम तौर पर जनता को इस संपत्ति के संबंध में कोई भी लेन–देन न करने की चेतावनी दी जाती है। इस संपत्ति के साथ कोई भी लेन–देन सिंडिकेट बैंक, ग्रेटर नोएडा शाखा को देय धनराशि रू.– 80,00,681.34/– अदा करने को तथा उस पर ब्याज अदा करने को कहा गया था।

### अचल संपत्तियों का विवरण

इण्डस्ट्रियल प्लॉट नं0. 32, ईकोटैक–6, जिसकी माप 450 स्कोयार मीटर, ग्रेटर नोएडा, इण्डस्ट्रियल एरिया, जिला गौतमबुद्धनगर मालिक ब्राईटवे इण्डस्ट्रिज प्रा0 लि0। **जिसकी सीमाऐ– उत्तर** में प्लॉट नं0. 31, **दक्षिण** में प्लॉट नं0. 33, **पूर्व** में 24 मीटर चौड़ा रोड़ और **पश्चिम** में प्लॉट नं0. 56

दिनांक: 22.07.2019
स्थानः ग्रेटर नोएडा।

प्राधिकृत अधिकारी
सिंडिकेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय

## फेडरल बैंक
आपका सम्पूर्ण बैंकिंग भागीदार

कार्यालय पानीपत
क्लस्टर प्रमुख

पंजी. कार्यालयः अलवाये, केरल

### कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

चूंकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 का प्रवर्तन (यहां के बाद अधिनियम के रूप में संदर्भित) के अंतर्गत **फेडरल बैंक** लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (यहां के बाद नियम के रूप में संदर्भित) के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक 21 जनवरी, 2019 जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारों**:–
**(1) मैसर्स साया नेटवर्क** एक साझेदारी फर्म जिसका पंजीकृत कार्यालय एससीओ 31, खालसा स्कूल मार्केट, करनाल, हरियाणा में है, प्रतिनिधित्व इसके साझेदार (क) श्री राजेश कुमार पुत्र श्री नानक चंद एवं (ख) श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री नानक चंद
**(2) श्री राजेश कुमार पुत्र श्री नानक चंद** निवासी मकान नं. 103–104, नजदीक आर्य समाज मंदिर, कृष्णा नगर, करनाल–132001, हरियाणा
**(3) श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री नानक चंद** निवासी मकान नं. 103–104, नजदीक आर्य समाज मंदिर, कृष्णा नगर, करनाल–132001, हरियाणा, को सूचना में उल्लिखित राशि बैंक की करनाल शाखा में 31.12.2018 को आपके पास अलग–अलग और संयुक्त रूप से कैश क्रेडिट खाता सं. 16495500000124 **रु.1,23,24,853.90 (एक करोड़ तेइस लाख चौबीस हजार आठ सौ तिरपन रुपए एवं नब्बे पैसे)** को उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। कर्जदार के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त नियम के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले उपर्युक्त अधिनियम के अनुच्छेद 13(4) के अंतर्गत उन्हें को प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 22 जुलाई, 2019 को ले लिया है।**
**ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**
कर्जदार को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन फेडरल बैंक लि. की करनाल शाखा में 22.07.2019 को आपके पास अलग–अलग और संयुक्त रूप से कैश क्रेडिट खाता सं. 16495500000124 **रु.1,34,85,662.14 (एक करोड़ चौतीस लाख पिचासी हजार छह सौ बासठ रुपए एवं चौदह पैसे)** तथा उस पर आगे ब्याज एवं अन्य प्रभार का भुगतान के अधीन होगा।

### अचल सम्पत्ति का विवरण

(1) वकीलपुरा, बकरा मार्केट के सामने, सदर बाजार, एम.सी. सीमा के भीतर, जिला–करनाल, हरियाणा राज्य में स्थित दुकान के रूप में सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से, एरिया परिमाप 97.11 वर्ग यार्ड के साथ उस पर वर्तमान और/या निर्मित किये जा रहे भवन जो निम्नानुसार घिरी है: पूर्व में 18'–6'' रोड और श्री हेमराज पुत्र गंजन राम की 2'–4'' सम्पत्ति, पश्चिम में: 29'–8'' रोड, उत्तर में 19'–9'' रोड और श्री हेमराज पुत्र गंजन राम की 16'–3'' सम्पत्ति, दक्षिण में: 40'–3'' गली।
(2) सैक्टर–18, हुडा अर्बन एस्टेट, पानीपत हरियाणा राज्य में स्थित प्लॉट नं. 2128 सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से, एरिया परिमाप 303.60 वर्ग मीटर के साथ उस पर वर्तमान और/या निर्मित किये जा रहे भवन जो निम्नानुसार घिरी हैं: पूर्व में: अन्य का प्लॉट, पश्चिम में: रोड, उत्तर में: प्लॉट नं. 2127 और दक्षिण में: 2129

दिनांक : 22.07.2019
स्थान : करनाल

प्राधिकृत अधिकारी
दि फेडरल बैंक लि.

## RELAXO
**RELAXO FOOTWEARS LIMITED**
**Registered Office:** Aggarwal City Square, Plot No.-10, Manglam Place, District Centre, Sector-3, Rohini, Delhi-110085
CIN No:- L74899DL1984PLC019097, Ph. 011-46800600, Fax 011-46800692
E-mail: rfl@relaxofootwear.com, Website: www.relaxofootwear.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं आवश्यक उद्घोषणा) विनियम, 2015 के लागू विनियमन (ओं) के अनुसार प्रावधानों के अनुपालन में रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शनिवार, 3 अगस्त, 2019 को दोपहर 12:30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय – अग्रवाल सिटी स्क्वेयर, प्लॉट नं. 10, मंगलम प्लेस, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली – 110085 में होगी जिसमें अन्य कार्यों के अलावा 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, समीक्षा, अनुमोदन और उन्हें रिकॉर्ड करने का काम किया जाएगा।
इस नोटिस में निहित जानकारी NSE की वेबसाइट www.nseindia.com और BSE की वेबसाइट www.bseindia.com के साथ–साथ हमारी वेबसाइट www.relaxofootwear.com पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड
हस्ता./–
विकास कुमार टाक
कम्पनी सचिव

स्थानः दिल्ली
तिथिः 23.07.2019

## Subros Limited

**Regd. Office:** LGF, World Trade Centre, Barakhamba Lane, New Delhi-110 001 **Tel.** 011-23414946-49, **Fax No.** 011-23414945
**CIN No.** L74899DL1985PLC020134
**E-mail:** rakesh.arora@subros.com **Website:** www.subros.com

**NOTICE**

प्रस्ताव स्वीकार होने की स्थिति में क्रेता को तत्काल 25% बिक्री मूल्य (ईएमडी राशि घटाकर) का भुगतान करना होगा तथा यदि वे उसका भुगतान करने में विफल होते हैं तो धरोहर राशि के रूप में जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी तथा सम्पत्ति की फिर से तत्काल बिक्री की जायेगी।

शेष बिक्री मूल्य का भुगतान बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पूर्व की जायेगी तथा निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक करने पर धरोहर राशि के रूप में जमा राशि जब्त कर ली जायेगी तथा सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी।

अन्य किसी भी सांविधिक बकाये/करों/स्टाम्प शुल्क/पंजीकरण शुल्क/अंतरण शुल्क का वहन अलग से क्रेता को ही करना होगा।

**सरफैसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत 30 दिनों की सांविधिक बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा ऋणधारकों, सह-ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि नीलामी की तिथि से पूर्व अद्यतन ब्याज तथा सहायक खर्चे के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करें अन्यथा सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जायेगी तथा बकाया देयता, यदि कोई हो, ब्याज तथा लागत के साथ वसूल की जायेगी।

हस्ता./-
तिथि: 24.07.2019
स्थान: दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
डीसीबी बैंक लिमिटेड



pnb Housing Finance Limited
पंजी. कार्यालय: 9वाँ तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001
फोन: 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाईट: www.pnbhousing.com
शाखा का पता: एस-8, उपहार सिनेमा कॉम्प्लैक्स, ग्रीन पार्क एक्स्टेंशन, नई दिल्ली-110016,
टेली.: 011-26512911, ई-मेल: greenpark@pnbhousing.com, वेबसाईट: www.pnbhousing.com

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)**

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के अंतर्गत पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8 (1) के अनुपालन में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना प्रत्येक खाता के समक्ष नीचे वर्णित तिथि को जारी कर संबंधित ऋणधारकों को उक्त सूचना(ओं) की तिथि/ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित तिथि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय उस राशि तथा ऋण अनुबंधों के अनुसार उस पर ब्याज के लिए पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लि. के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपब्लध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

| क्रम सं. | ऋण खाता सं. | ऋणधारक/सह-ऋणधारक/गारन्टर का नाम | मांग सूचना तिथि | बकाया राशि | कब्जा लेने की तिथि | गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 0035 6660000009 बी.ओ. ग्रीन पार्क | मै. ट्रैण्ड फ्लोरिंग प्रा. लि. श्री अमित नारायण सिंह एवं श्री अरविन्द नारायण सिंह | 8.4.2019 | रु. 94,39,503.52 (रुपए चौड़ानवे लाख उन्तालिस हजार पांच सौ तीन तथा पैसे बावन मात्र) | 20.7.2019 (सांकेतिक कब्जा) | फ्लैट नं. 9337, भू तल, कैटगरी II, सेक्टर सी, पॉकेट-9, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070, वसंत कुंज, ग्रीन पार्क, दिल्ली-110070 |

स्थान: ग्रीन पार्क, तिथि: 24.07.2019 प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लि.



सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की मांग सूचना 13(2)**

**शाखा कार्यालयः मेरठ रोड, सेहानी, गाज़ियाबाद, उ0प्र0-201003**

यह माग सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत एतद्द्वारा कर्जदारों / गारंटरों को उनकी गारंटी में दी गई ऋण सुविधा की बकाया राशि का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए जारी की गई है। यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस सूचना के संदर्भ में नीचे वर्णित राशि और उस पर आगे ब्याज और प्रासंगिक व्यय, लागत आदि का भुगतान करने में असफल रहते हैं तो बैंक कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और अन्य लागू प्रावधान के अंतर्गत उसे प्राप्त सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचना दी जाती है कि आप बिना बैंक की लिखित अनुमति लिये इस सूचना में नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टे पर देने या अन्य लेनदेन नहीं कर सकते है। **बकाया राशि के साथ खाता और प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:**

**अचल सम्पत्ति की अनुसूची एवं अन्य विवरण**

| कर्जदार / गारंटर का नाम | प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण | 13(2) सूचना की तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| **कर्जदार:** **(1) श्रीमती रचना जैन पत्नी मनोज कुमार जैन** 1 / 5611, गली नं.13, बलबीर नगर विस्तार शाहदरा, दिल्ली-110032 **(2) श्री मनोज कुमार जैन पुत्र हरी किशन,** 1 / 5611, गली नं.13, बलबीर नगर विस्तार शाहदरा, दिल्ली-110032 **गारंटर:** **श्री पंकज जैन, पुत्र महेन्दर जैन** मकान नं.125, गली नं.3, गीता बाल भारती स्कूल, शंकर नगर, कृष्णा नगर पूर्व, शाहदरा, दिल्ली-110051 | **श्रीमती रचना जैन पत्नी श्री मनोज कुमार जैन** के नाम पर गांव सिकंदरपुर, गली नं. 16 की आबादी, बलबीर नगर एक्स. इलाका शाहदरा, दिल्ली-110032 में स्थित साम्यिक बंधक सम्पत्ति सं. 1 / 5518-बी, एरिया 89.46 वर्ग मीटर, प्लॉट नं. 21, भूमि परिमाप 89.46 वर्ग मीटर, खसरा नं. 175 का भाग, प्रवेश, गलियारे की सीढ़ियों के सामान्य अधिकार के साथ बिजली एवं पानी का कनेक्शन और भूमि में अविभाजित इम्पोर्टेबल आनुपातिक स्वामित्व अधिकार तथा भूतल पर एक एसयूवी कार पार्किंग एवं 2 दोपहिया पार्किंग अधिकार। **सम्पत्ति निम्नानुसार घिरी है:** **पूर्वः** रोड, **पश्चिमः** अन्य की सम्पत्ति, **उत्तरः** रोड, **दक्षिणः** अन्य की सम्पत्ति। | 29.06.2019 को एनपीए 01.07.2019 को बकाया रु.25,60,309/- (जो इस सूचना की तिथि को बकाया मूलधन प्लस ब्याज को दर्शाता है) |

आपका ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 24.07.2019
प्राधिकृत अधिकारी,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सेहानी, गाज़ियाबाद



पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!
रिकवरी विभाग, सर्किल कार्यालय, पीएनबी हाउस, यमुनापुरम, बुलन्दशहर, उ.प्र.
फोन: 05732-281724, फैक्सः 05732-283502, ई-मेलः cobsrsamd@pnb.co.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक, बीओः सिविल लाइन्स, बुलन्दशहर के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 06.05.2019 जारी कर ऋणधारक(कों) मै. ममता सुगन्धि भण्डार (प्रॉपः श्री विजय कुमार जिन्दल, पुत्र श्री मोहन लाल) पताः 57, आनंद विहार, जिला बुलन्दशहर-203001 को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि 30.4.2019 को रु. 10,78,183.48 (शब्दों में रुपए दस लाख अठहत्तर हजार एक सौ तिड़ासी एवं पैसे अड़तालिस मात्र) के साथ 1.5.2019 के बाद वसूली यदि कोई की गई हो, को घटाकर 01.10.2018 से अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 19 जुलाई, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया है।

ऋणधारक/गारन्टर/मार्टगैजर का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय 30.04.2019 को रु. 10,78,183.48 (शब्दों में रुपये दस लाख अठहत्तर हजार एक सौ तिड़ासी तथा पैसे अड़तालिस मात्र) के साथ 1.5.2019 के बाद वसूली यदि कोई की गई हो, को घटाकर 01.05.2019 को अनुबंधित दर पर आगे के ब्याज के लिए पंजाब नेशनल बैंक, बीओः सिविल लाइन्स, बुलन्दशहर के चार्ज के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

क्रम सं. 6870, तिथि 23.12.1978 में पेज 511 से 516 में बही नं. 1, जिल्द नं. 1438 में उप-रजिस्ट्रार कार्यालय बुलन्दशहर में पंजीकृत आवासीय मकान सं. 57, मोहल्ला आनंद विहार, सराय लोढ़गण, हनुमान मंदिर के निकट, बुलन्दशहर, माप 83.64 वर्ग मी. के ईएम से शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। **चौहद्दी इस प्रकार है: पूर्वः** अर्जी हाजी अब्दुल, **पश्चिमः** रास्ता, **उत्तरः** पूरण चंद का प्लॉट, **दक्षिणः** अर्जी माया देवी।

तिथि: 19.07.2019
स्थान: बुलन्दशहर
प्राधिकृत अधिकारी
कमल किशोर ठाकुर, मुख्य प्रबंधक
पंजाब नेशनल बैंक
बीओः सिविल लाइन्स, जिला बुलन्दशहर



पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!
रिकवरी विभाग, सर्किल कार्यालय, पीएनबी हाउस, यमुनापुरम, बुलन्दशहर, उ.प्र.
फोन: 05732-281724, फैक्सः 05732-283502, ई-मेलः cobsrsamd@pnb.co.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक, बीओः सिविल लाइन्स, बुलन्दशहर के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 06.05.2019 जारी कर ऋणधारक(कों) मै. सिरोही कन्स्ट्रक्शन) (श्री चकित कुमार सिंह, पुत्र श्री ओमवीर सिंह के पार्टनर) पताः ईडब्ल्यूएस-272 आवास विकास-1, डीएम रोड, जिला बुलन्दशहर सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि 30.4.2019 को रु. 12,73,110.10 (शब्दों में रुपए बारह लाख तिहत्तर हजार एक सौ दस एवं पैसे दस मात्र) के साथ 1.5.2019 के बाद वसूली यदि कोई भी गई हो, को घटाकर 01.10.2018 से अनुबंधित दर पर आगे का ब्याज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 19 जुलाई, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया है।

ऋणधारक/ गारन्टर/ मार्टगैजर का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है:

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय 31.3.2019 को रु. 12,73,110.10 (शब्दों में रुपए बारह लाख तिहत्तर हजार एक सौ दस एवं पैसे दस मात्र) के साथ 1.5.2019 के बाद वसूली यदि कोई की गई हो, को घटाकर 1.4.2019 से अनुबंधित दर पर आगे के ब्याज के लिए पंजाब नेशनल बैंक, बीओः सिविल लाइन्स, बुलन्दशहर के चार्ज के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

क्रम सं. 781/782 में पेज 183/157 में बही नं., जिल्द नं. 2400/2419 में प्रविष्टि के माध्यम से राम गिलास, सम्पत्ति अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा निष्पादित प्रेम वीर सिंह के पक्ष में बिक्री प्रलेख के अनुसार आवासीय मकान सं. ईडब्ल्यूएस-272 आवास विकास-1, डीएम रोड, जिला बुलन्दशहर-203001, माप 42.74 वर्ग मी. पर ईएम से शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।

चौहद्दी इस प्रकार हैः पूर्वः फ्लैट नं. 271, पश्चिमः प्लैट नं. 273, उत्तरः फ्लैट नं. 255, दक्षिणः 6.00 मी. चौड़ी सड़क।

तिथि: 19.07.2014
स्थान: बुलन्दशहर
प्राधिकृत अधिकारी
कमल किशोर ठाकुर, मुख्य प्रबंधक
पंजाब नेशनल बैंक
बीओः सिविल लाइन्सः जिला बुलन्दशहर



पंजाब नैशनल बैंक भरोसे का प्रतीक punjab national bank ...the name you can BANK upon! (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)
शाखा कार्यालयः शालीमार बाग, दिल्ली, मो.: 8130694683, ई-मेलः bo4184@pnb.co.in

तिथिः 25.6.2019 (पंजी. डाक (स्पीड पोस्ट)
1. मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स (पार्टनरशिप फर्म) द्वारा उसके पार्टनर्स श्री अमरजीत सिंह कालरा, पुत्र श्री सुरिन्दर सिंह कालरा तथा श्रीमती जगजीत कौर कालरा, पत्नी श्री सुरिन्दर सिंह कालरा
पता 1: पंजी/कॉर्पोरेट कार्यालयः सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015
पता 2: वर्क्स/फैक्ट्रीः सी-17 एवं 18, इंडस्ट्रियल इस्टेट काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड 244713
पता 3: कमरा सं. 301, दूसरा तल, डब्ल्यूजेड-15बी, उग्रसेन मार्केट, अशोक नगर, नई दिल्ली-110018
2. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा (गारन्टर) पत्नी एस. अमरजीत सिंह कालरा, सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015
3. श्री अमरजीत सिंह कालरा (पार्टनर) पुत्र श्री सुरिन्दर सिंह कालरा, सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015
4. श्रीमती जगजीत कौर कालरा (पार्टनर) पत्नी श्री सुरिन्दर सिंह कालरा, सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015
5. साथ ही exports.ems@gmail.com, fm.manager@5core.in पर ईमेल भी की गई।
प्रिय महोदय/महोदया
संदर्भः ऋण खाता सं.-0637008700003060, 418400UD00001687, 418400UD00001720, 418400UN0000000031, 418400UF00000053, जिसमें मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स (पार्टनरशिप फर्म) द्वारा साख सुविधाऐं प्राप्त की गई, में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन (सरफैसी) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना
मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स (पार्टनरशिप फर्म) जिसका पंजीकृत कार्यालय सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015 तथा फैक्ट्री परिसर सी-17 एवं 18, इंडस्ट्रियल इस्टेट, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड 244713 में है, ने निम्न साख सुविधाऐं प्राप्त की हैं:

**विषयः पंजाब नेशनल बैंक, शालीमार बाग, दिल्ली में ऋण खाताऐं जिसका विवरण इस प्रकार है:**

| क्रम सं. | ऋण खाता सं. | सुविधा | सीमा | शेष बकाया (25.6.2019 को) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 0637008700003060 | नगदी साख-हाईपो एवं बीडी, पीसी लिमिट का (सब लिमिट) | (20000000) | 4831446.15 |
| 2. 3. | 418400UD00001687 418400UD0000172 | पैकिंग क्रेडिट | 180000000 | 49605499.00 108879256.09 |
| 4. | 4418400UN00000031 | एफओबीपी/एफएबीसी/एफओयूबीपी जिसमें रु. 5.00 करोड़ की तदर्थ सीमा शामिल है | 370000000 | 318186919.00 |
| | कुल | | 550000000 | 481503120.24 |

ऋणधारक मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स ने 01.05.2019 से पुनर्भुगतान की तिथि तक स्वीकृत दर पर आगे के ब्याज के साथ 25.06.2019 को बकाया रु. 48,15,03,120.24 (रुपए अड़तालिस करोड़ पंद्रह लाख तीन हजार एक सौ बीस तथा पैसे चौबीस मात्र) की ऋण राशि के पुनर्भुगतान में चूक की है। उनके द्वारा प्राप्त की गई साख सुविधाएं 31.03.2019 को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दी गई है। बैंक ने 25.6.2019 को अधिनियम के अंतर्गत सूचना जारी कर 25.06.2019 को बकाया रु. 481503120.24 की राशि वापस लौटाने का आग्रह किया। यह सूचना पंजीकृत डाक से भेजी गई थी। एतद्द्वारा ऋणधारकों तथा गारन्टरों से आग्रह है कि इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान की तिथि तक ब्याज के साथ 48,15,03,120.24 की राशि का भुगतान करें अन्यथा बैंक में यहां नीचे अनुसूची में दी गई प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध प्रतिभूति हित के प्रवर्त्तन के अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए बाध्य होगा। अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार ऋणधारक/ गारन्टर पूर्व सहमति प्राप्त किए बिना सूचना की प्राप्ति की तिथि से प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का अंतरण नहीं करेंगे।

**अनुसूची**

परिसम्पत्तियों जिसमें प्रतिभूति हित निर्मित है, का विशिष्ट विवरण इस प्रकार हैः
1. कच्चे मालों, प्रगति में कार्यों, तैयार सामग्रियों, कंज्यूमेबल्स स्टोर्स/पैकिंग सामग्री, प्रेषण में सामग्री तथा बुक डेब्ट्स के एसाइन्मेन्ट्स तथा ऋणधारक की अन्य सभी चालू परिसम्पत्तियों के सम्पूर्ण स्टॉक्स का हाइपोथेकेशन।
2. उत्पादन प्रक्रियाओं में प्रयुक्त की जा रही गोदाम में पड़ी मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स के नाम में सम्पूर्ण चल परिसम्पत्तियों जैसे प्लान्ट एवं मशीनरी तथा अटैच की जाने योग्य अन्य परिसम्पत्तियों
3. श्रीमती जगजीत कौर कालरा पत्नी श्री सुरिन्दर सिंह कालरा, निवासी डब्ल्यूजेड-15-बी, उग्रसेन मार्केट, अशोक नगर, नई दिल्ली-110018 के नाम में ग्राम बसई दारापुर, कॉलोनी मानसरोवर गार्डन के नाम से विदित, नई दिल्ली-110015 में स्थित निर्मित सम्पत्ति माप, क्षेत्रफल 310 वर्ग यार्ड्स के भाग में फ्रान्ट एवं बैक कोर्टयार्ड के साथ बिना छत के अधिकार के सी-130 ऊपरी भूतल में भूमि एवं भवन से शामिल आवासीय सम्पत्ति में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
4. एस अमरजीत कालरा, पुत्र श्री सुरिन्दर सिंह कालरा के नाम में ग्राम बसई दारापुर, कॉलोनी मानसरोवर गार्डन के नाम से विदित, नई दिल्ली-110015 में स्थित निर्मित सम्पत्ति सं. सी-130, क्षेत्रफल माप 310 वर्ग यार्ड्स के भाग में बिना छत के अधिकार के निम्न भूतल में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज
5. एस अमरजीत कालरा, पुत्र श्री सुरिन्दर सिंह कालरा के नाम में ग्राम बसई दारापुर, कॉलोनी मानसरोवर गार्डन के नाम से विदित, नई दिल्ली-110015 में स्थित निर्मित सम्पत्ति सं. सी-130, क्षेत्रफल माप 310 वर्ग यार्ड्स के भाग में छत के अधिकार के साथ दूसरे तल में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज
6. उसके पार्टनर एस अमरजीत सिंह कालरा, पुत्र सुरिन्दर सिंह कालरा के माध्यम से मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स के नाम में ग्राम तिहाड़ के क्षेत्र, उग्रसेन मार्केट के नाम से विदित कॉलोनी, अशोक नगर, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018 में स्थित डब्ल्यूजेड-15, क्षेत्रफल माप 76 वर्ग यार्ड्स (लगभग), खसरा नं. 328/329 में दक्षिणी साइट के भाग में निर्मित सम्पत्ति में छत के अधिकार के बिना निम्न भूतल में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
7. उसके पार्टनर एस अमरजीत सिंह कालरा, पुत्र सुरिन्दर सिंह कालरा के माध्यम से मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स के नाम में ग्राम तिहाड़ के क्षेत्र, उग्रसेन मार्केट के नाम से विदित कॉलोनी, तिलक नगर, नई दिल्ली-110018 में डब्ल्यूजेड-15, दूसरा तल, छत के अधिकार के बिना, क्षेत्रफल माप 91 वर्ग यार्ड्स में सम्पत्ति में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
8. उसके पार्टनर एस अमरजीत सिंह कालरा पुत्र सुरिन्दर सिंह कालरा के माध्यम से मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स के नाम में ग्राम केशोपुर, संतगढ़ नाम से विदित कॉलोनी, नई दिल्ली-110018 में स्थित खसरा नं. 14/11/2 के भाग में प्लॉट नं. 27 के भाग में निर्मित सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजेड-113, क्षेत्रफल माप 35 वर्ग यार्ड्स में छत के अधिकार सहित डब्ल्यूजेड-113, दूसरा तल में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
9. उसके पार्टनर एस अमरजीत सिंह कालरा पुत्र सुरिन्दर सिंह कालरा के माध्यम से मै. ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स के नाम में ग्राम केशोपुर, संतगढ़ नाम से विदित कॉलोनी, नई दिल्ली-110018 में स्थित खसरा नं. 14/11/2 के भाग में प्लॉट नं. 27 के भाग में निर्मित सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजेड-113, क्षेत्रफल माप 35 वर्ग यार्ड्स (भूतल एवं प्रथम तल, बिना छत के अधिकार के निर्मित सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजेड-113 में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
10. एस अमरजीत सिंह कालरा, पुत्र सुरिन्दर सिंह कालरा के नाम में पटौदी, हरियाणा में प्लॉट नं. 1060 पी, सेक्टर 1, पीएट, क्षेत्रफल माप 450 वर्ग मी. में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
11. उसके पार्टनर एस अमरजीत सिंह कालरा, पुत्र सुरिन्दर सिंह कालरा के माध्यम से ईएमएस एंड एक्स्पोर्ट्स के नाम में डेवलपमेन्ट साइट, इंडस्ट्रियल इस्टेट, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर (उत्तरांचल) में स्थित फैक्ट्री भूमि एवं भवन, लीज पर, प्लॉट नं. सी-17 एवं सी-18, क्षेत्रफल माप 137.76 वर्ग मी. (1600 वर्ग यार्ड्स) में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
12. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा, पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा के नाम में ग्राम तिहाड़, उग्रसेन नगर के नाम से विदित कॉलोनी, एलिस उग्रसेन मार्केट, संत पुरा, अशोक नगर के निकट, नई दिल्ली-110018 के क्षेत्र में स्थित प्लॉट नं. 14 एवं 15, क्षेत्रफल माप 153 वर्ग यार्ड्स पर निर्मित सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजेड-15-बी/1 में छत के अधिकार के बिना सम्पूर्ण दूसरे तल में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
13. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा, पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा के नाम में ग्राम तिहाड़, मीनाक्षी गार्डन के नाम से विदित कॉलोनी, नई दिल्ली-110018 में भूमि क्षेत्रफल माप 89 वर्ग यार्ड्स (74.41 वर्ग मी.) पर निर्मित सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजेड-40बी-1/ए, जो प्लॉट नं. 22 एच बी, खसरा नं. 282 पर निर्मित है, में बिना छत/टैरेस के अधिकार के सम्पूर्ण प्रथम तल तथा भूमि क्षेत्रफल माप 89 वर्ग यार्ड्स (74.41 वर्ग मी.) पर बिना छत/टैरेस के अधिकार के सम्पूर्ण दूसरे तल में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
14. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा, पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा के नाम में ग्राम तिहाड़, मीनाक्षी गार्डन के नाम से विदित कॉलोनी, नई दिल्ली-110018 के क्षेत्र में स्थित भूमि क्षेत्रफल माप 100 वर्ग यार्ड्स (83.60 वर्ग मी.) निर्मित सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजेड-40बी-1 सी, जो प्लॉट नं. 21, खसरा नं. 282 पर निर्मित है, में बिना छत/टैरेस के अधिकार के सम्पूर्ण प्रथम तल में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
15. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा, पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा के नाम में ग्राम तिहाड़, मीनाक्षी गार्डन के नाम से विदित कॉलोनी, नई दिल्ली-110018 के क्षेत्र में स्थित भूमि क्षेत्रफल माप 97 वर्ग यार्ड्स (81.10 वर्ग मी.) पर बिना छत/टैरेस के अधिकार के सम्पूर्ण प्रथम तल तथा भूमि, क्षेत्रफल माप 97 वर्ग यार्ड्स (81.10 वर्ग मी.) पर बिना छत/टैरेस के अधिकार के सम्पूर्ण दूसरे तल, सम्पत्ति नं. डब्ल्यूजेड-40बी-1 बी, जो प्लॉट नं. 20, खसरा नं. 282 में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
16. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा, पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा के नाम में मोरे सराय रोड, कौरिया पुल, सराय बर्फखान, एचसी सेन रोड, दिल्ली-110016 में स्थित निर्मित सम्पूर्ण सम्पत्ति, प्राईवेट नं. 43-ए, सम्पत्ति म्यूनिसिपल नं. 2287 का भाग, क्षेत्रफल माप 330 वर्ग फीट (30.65 वर्ग मी.) में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
17. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा, पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा के नाम में ग्राम मटियाला, टी-एक्स्टें. के नाम से विदित कॉलोनी, पार्ट-III (जैन कॉलोनी) उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 की राजस्व सम्पदा में स्थित निर्मित सम्पत्ति सं. 104-ए, क्षेत्रफल माप 60 वर्ग यार्ड्स (अर्थात् 50.17 वर्ग मी.), खसरा नं. 20/20 में छत के अधिकार के बिना दूसरे तल, प्लॉट नं. 113 (दक्षिण-पश्चिम दिशा) में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
18. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा, पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा के नाम में मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110018 में स्थित निर्मित सम्पत्ति सं. सी-131-बी, क्षेत्रफल माप 100 वर्ग यार्ड्स में छत/टैरेस के अधिकार के बिना सम्पूर्ण प्रथम तल में स्थित अचल सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।
19. श्रीमती सुरिन्दर कौर कालरा, पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा के नाम में ग्राम बसई दारापुर, मानसरोवर गार्डन के नाम से विदित कॉलोनी, नई दिल्ली-110018 के क्षेत्र में स्थित निर्मित सम्पत्ति सं. सी-130, क्षेत्रफल माप 310 वर्ग यार्ड्स के भाग में फ्रान्ट एवं बैक कोर्टयाई के साथ बिना छत/टैरेस के अधिकार के प्रथम तल में स्थित अचल सम्पत्ति के इक्विटैबल मार्टगैज का विस्तार।

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

## खबर कोना

### अर्जेंटीना के पहले विश्व कप क्वालीफायर से मेस्सी बाहर

आसुनसियोन (पराग्वे), 24 जुलाई (एपी)।

लियोनल मेस्सी को विश्व कप 2022 के लिए अर्जेंटीना के पहले विश्व कप क्वालीफायर मैच से निलंबित कर दिया गया है। दक्षिण अमेरिका की फुटबॉल संचालन संस्था ने इसके साथ ही उन पर 1500 डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ (कानमिबोल) ने मंगलवार को अपना फैसला सुनाया। मेस्सी को कोपा अमेरिका के तीसरे स्थान के लिए चिली के खिलाफ खेले मैच के दौरान लाल कार्ड मिला था। मेस्सी खेल के 37वें मिनट में चिली के गैरी मेडल से भिड़ गए थे और इन दोनों को बाहर कर दिया गया था। अर्जेंटीना ने यह मैच 2-1 से जीता था। दक्षिण अमेरिका में विश्व कप क्वालीफाईंग मैच मार्च से शुरू होंगे। फैसले में मेस्सी के कोपा अमेरिका संगठन पर लगाए गए आरोपों का जिक्र नहीं किया गया है। मेस्सी ने कहा था कि टूर्नामेंट में भ्रष्टाचार व्याप्त था और इसमें ब्राजील को जिताने के लिए पूरी तैयारियां की गई थी। मेस्सी ने बाद में दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ से माफी मांगी थी।



### वाल्मिकी और हरजीत का डच क्लब से करार

नई दिल्ली, 24 जुलाई (भाषा)।

भारतीय हॉकी खिलाड़ी देविंदर वाल्मिकी और हरजीत सिंह ने नीदरलैंड के क्लब एचजीसी के साथ 2019-20 सत्र के लिए अनुबंध किया है और इस दौरान वे आगामी यूरो हॉकी लीग के मैचों में खेलेंगे। वाल्मिकी और हरजीत दोनों मिडफील्डर हैं और अभी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। यूरो हॉकी लीग में वे चार अक्तूबर को बार्सिलोना में पदार्पण करेंगे। एचजीसी ने 2011 में यूरो हॉकी लीग का खिताब जीता था लेकिन इसके बाद वे पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। वाल्मिकी रियो ओलंपिक 2016 की भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने अब तक भारत की तरफ से 48 मैच खेले हैं। हरजीत 2016 में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उन्होंने राष्ट्रीय टीम की तरफ से 52 मैच खेले हैं।

### रूसी मुक्केबाज दादाशेव की मुकाबले के बाद मौत

मास्को, 24 जुलाई (एएफपी)।

रूसी मुक्केबाज मैक्सिम दादाशेव की मेरीलैंड में एक मुकाबले के दौरान सिर में चोट लगने के बाद अस्पताल में मौत हो गई। रूसी मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को यह घोषणा की। महासंघ ने बयान में कहा, 'मैक्सिम दादाशेव की अमेरिका में मृत्यु हो गई। वह सुबरियल मैतियास के खिलाफ मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे।' इस 28 वर्षीय मुक्केबाज का वाशिंगटन में आपात स्थिति में मस्तिष्क का ऑपरेशन किया गया। प्यूर्टोरिका के मैतियास के खिलाफ शुक्रवार को उनका मुकाबला 11वें दौर के बाद रोक दिया गया था। 'मैड मैक्स' के नाम से मशहूर दादाशेव ड्रेसिंग रूम तक जाने की स्थिति में भी नहीं थे और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके मस्तिष्क में सूजन आ गई थी जिसके लिए ऑपरेशन किया गया था। दादाशेव 2016 में पेशेवर मुक्केबाज बने थे।

---

श्रीकांत और समीर बाहर

# दूसरे दौर में सिंधू-प्रणय

**जापान ओपन**

**37** मिनट में सिंधू ने गैर वरीय चीन की हान यूए को 21-9, 21-17 से हराया

**59** मिनट में प्रणय ने अपने से अधिक रैंकिंग के श्रीकांत को 13-21, 21-11, 22-20 से हराया



पीवी सिंधू

तोक्यो, 24 जुलाई (भाषा)।

शीर्ष भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय ने क्रमशः महिला और पुरुष एकल स्पर्धाओं में बुधवार को अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज करते हुए जापान ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई। पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में उप विजेता रहीं सिंधू ने गैर वरीय चीन की हान यूए को 21-9, 21-17 से हराने में महज 37 मिनट लिए। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू का सामना अब जापान की आया ओहोरी से होगा।

आठवें वरीय श्रीकांत की खराब फॉर्म जारी रही और उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही हमवतन प्रणय से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 750 टूर्नामेंट में अपने से अधिक रैंकिंग के श्रीकांत को 13-21, 21-11, 22-20 से हराया। यह मैच 59 मिनट तक चला। समीर वर्मा भी पहले दौरे से आगे नहीं बढ़ पाए और डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से सीधे गेम में हार गए। गैरवरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को 46 मिनट तक चले मैच में 17-21, 12-21 से पराजय का सामना करना पड़ा।

श्रीकांत का प्रणय के खिलाफ रेकार्ड बेहतर रहा है। उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। प्रणय ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की और फिर रोमांचक मोड़ पर पहुंचे तीसरे और निर्णायक गेम में अहम मौकों पर अंक बटोरे। वह दूसरे दौर में डेनमार्क के रासमुस गेमके का सामना करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत इस सत्र में फॉर्म से जूझ रहे हैं। वह पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। पुरुष युगल में भारत के लिए अच्छी खबर रही। सत्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इंग्लैंड के मार्कस एलिस और क्रिस लैंग्रिज की जोड़ी को 21-16, 21-17 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब इनका सामना सोलग्यू चोई और सेयुंग जाए सियो की कोरियाई जोड़ी तथा चीन के काई जियांग हुआंग और चेंग लियू की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी कोरिया की सो यियोंग किम और ही योंग कोंग की जोड़ी से 16-21, 14-21 से हारकर बाहर हो गई। इस बीच प्रणव जेरी चोपड़ा और सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी मिश्रित युगल से बाहर हो गई है। उन्हें चीन के झेंड सी वेइ और हुआंग या कियोंग ने 21-11, 21-14 से हराया।

---

# शुभमन को टीम में होना चाहिए था : गांगुली

नई दिल्ली, 24 जुलाई (भाषा)।

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने बुधवार को अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा शुभमन गिल को वेस्ट इंडीज दौरे के लिए एक दिवसीय टीम में नहीं चुनने पर सवाल उठाए। उन्होंने चयनसमिति से अपनी नीतियों में निरंतरता बनाए रखने का आग्रह किया। केदार जाधव निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन वह टीम में हैं जबकि वेस्ट इंडीज में पांच लिस्ट ए मैचों में 218 रन बनाकर मैन ऑफ द सीरीज रहे गिल को टीम में जगह नहीं मिली।



गांगुली ने ट्विटर पर चयनकर्ताओं की खिंचाई की और उन्होंने कहा कि उनका मुख्य काम सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध टीम का चयन करना होना चाहिए ना कि लोगों को खुश करना।

उन्होंने ट्वीट किया, 'लय और आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए समय आ गया है कि चयनकर्ता सभी प्रारूपों में समान खिलाड़ियों का चयन करें। केवल कुछ खिलाड़ी ही हैं जो सभी प्रारूपों में खेलते हैं। मजबूत टीमों में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी होते हैं। सभी को खुश करना जरूरी नहीं है। देश के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करना और चयन में निरंतरता बनाए रखना अहम है।' गांगुली ने कहा कि टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो सभी प्रारूपों में खेल सकते हैं। शुभमन गिल को टीम में नहीं देखकर हैरान हूं। रहाणे को भी वनडे टीम में होना चाहिए था।

## गिल ने कहा, निराश हूं लेकिन, समय बर्बाद नहीं कर रहा

भारत 'ए' की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने के कारण शुभमन गिल को सीनियर टीम में वापसी की उम्मीद थी। लेकिन, वेस्ट इंडीज दौरे के लिए उनका चयन नहीं हुआ जिससे वह निराश हैं। हालांकि इसके बारे में सोचकर वह समय बर्बाद नहीं करना चाहते हैं। गिल, मनीष पांडे और श्रेयस अय्यर के बारे में माना जा रहा था कि उन्हें सीमित ओवरों की टीम में चुन लिया जाएगा लेकिन तीन अर्धशतकों की मदद से 218 रन बनाने और मैन ऑफ द सीरीज चुने जाने के बावजूद पंजाब के युवा बल्लेबाज की अनदेखी की गई। गिल ने कहा कि मैं रविवार को भारतीय सीनियर टीम की घोषणा का इंतजार कर रहा था और मुझे किसी एक टीम में चयन की उम्मीद थी। चयन नहीं होना निराशाजनक है लेकिन मैं इसके बारे में सोचकर समय बर्बाद नहीं कर रहा हूं।



---

# मुर्ताघ ने इंग्लैंड को 85 रन पर समेटा

लंदन, 24 जुलाई (एएफपी)।

**यह 34 टैस्ट में चौथी बार है कि इंग्लैंड ने एक सत्र में सभी 10 विकेट गंवा दिए जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टैस्ट मैचों की शृंखला से पहले शुभ संकेत नहीं है।**

टिम मुर्ताघ की शानदार गेंदबाजी के दम पर विश्व कप विजेता इंग्लैंड के रंग में भंग डालते हुए आयरलैंड ने उसे लॉर्ड्स पर खेले जा रहे टैस्ट के पहले दिन 85 रन पर समेट दिया। मुर्ताघ ने नौ ओवर में 13 रन देकर पांच विकेट लिए। चाय के समय आयरलैंड ने दो विकेट पर 127 रन बना लिए थे और उसे पहली पारी में 42 रन की बढ़त मिल गई है।

एंड्रयू बलबर्नी 51 और पॉल स्टर्लिंग नाबाद 35 रन बनाकर खेल रहे हैं। यह टैस्ट पांच की बजाए चार दिन का है। इसी मैदान पर विश्व कप जीतने के दस दिन बाद ही इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कलई आयरलैंड ने खोल दी। अगले सप्ताह से इंग्लैंड को एशेज शृंखला भी खेलनी है। इंग्लैंड के तीन ही बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके जिनमें से जो डेनली ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। इंग्लैंड की पारी 24वें ओवर के भीतर सिमट गई।

यह 34 टैस्ट में चौथी बार है कि इंग्लैंड ने एक सत्र में सभी 10 विकेट गंवा दिए जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टैस्ट मैचों की शृंखला से पहले शुभ संकेत नहीं है। विश्व कप के हीरो जैसन रॉय पांच रन बनाकर आउट हो गए। आयरलैंड के लिए पहला टैस्ट खेल रहे मार्क एडेयर ने 32 रन देकर तीन विकेट लिए जिसमें जोए रूट का विकेट शामिल था।

---

# 'रमन की नियुक्ति की समीक्षा करें आचरण अधिकारी'

नई दिल्ली, 24 जुलाई (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने बीसीसीआइ के आचरण अधिकारी डीके जैन को राष्ट्रीय महिला टीम के मुख्य कोच डब्लूवी रमन की नियुक्ति की समीक्षा करने को कहा है। सीओए ने सैद्धांतिक रूप से अप्रैल में ही रमन की नियुक्ति की समीक्षा करने का फैसला किया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जैन को कुछ दिन पहले ही उन्होंने यह मामला भेजा है।

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज रमन को पिछले साल दिसंबर में पूर्व क्रिकेटरों कपिल देव, अंशुमान गायकवाड़ और शांता रंगास्वामी की तदर्थ समिति ने विवादास्पद हालात में नियुक्त किया था। सीओए उस समय दो सदस्यीय समिति थी और इसके अध्यक्ष विनोद राय और डाइना इडुल्जी के बीच कोच चयन प्रक्रिया को लेकर गंभीर



मतभेद थे। लेफ्टिनेंट जनरल रवि थोडगे के शामिल होने के बाद अब यह समिति तीन सदस्यीय हो गई है।

इडुल्जी ने कोच चयन प्रक्रिया को दिखावटी और 'असंवैधानिक' करार देते हुए कहा था कि कोच चुनने की जिम्मेदारी सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएससी) को दी जानी चाहिए थी। सीएसी अभी काफी हद तक निष्क्रिय है और ऐसे में एक बार फिर कपिल, गायकवाड़ और रंगास्वामी की तदर्थ समिति को पुरुष टीम के मुख्य कोच के चयन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है जिसके लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

नए संविधान के अनुसार सिर्फ सीएसी को ही कोच चुनने का अधिकार है लेकिन सीओए को गांगुली और लक्ष्मण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का इंतजार है जिन्हें जैन ने क्रिकेट में कई भूमिकाओं में से एक को चुनने को कहा है। बीसीसीआइ अधिकारी ने कहा कि तदर्थ समिति अगर दोबारा राष्ट्रीय कोच चुनती है तो स्थिति पेचीदा हो सकती है, जैसा कि रमन के मामले में हुआ। तार्किक यह है कि गांगुली और लक्ष्मण के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का इंतजार किया जाए और फिर आगे की प्रक्रिया पर फैसला किया जाए।

---

# यूटीटी ने दिग्गजों के खिलाफ बेखौफ खेलने में मदद की : शरत

**जनसत्ता संवाददाता/भाषा**
नई दिल्ली, 24 जुलाई।

भारत के स्टार खिलाड़ी अचंता शरत कमल का मानना है कि अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग में खेलकर उनके और अन्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है। अब वे शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी के खिलाफ खेलने में झिझकते नहीं। लीग का तीसरा चरण 25 जुलाई से शुरू होगा। इसमें नए प्रारूप के हिसाब से मैच खेले जाएंगे। इस बार कुछ नई टीमें भी हिस्सा ले रही हैं। चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पलटन, कोलकाता की आर पी-एस जी मेवरिक्स और यू मुम्बा एक दूसरे से भिड़ेंगी।

इस सत्र में चेन्नई लायंस प्रबल दावेदार मानी जा रही है। भारत के सीनियर टेटे खिलाड़ी शरत इसी टीम का हिस्सा हैं। शरत ने यूटीटी की सफलता के बारे में बात करते हुए कहा कि इसके पहले दो सत्र, विशेषकर पहले सत्र में भारतीय खिलाड़ियों को लगा कि हम शीर्ष विदेशी खिलाड़ियों को पराजित कर सकते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है मनिका बत्रा। दूसरे सत्र में मानव ठक्कर, जिसने क्रिस्टियन कार्लसन को हराया।

उन्होंने कहा कि अब हर कोई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना कर रहा है। ओलंपिक रजत पदकधारी दक्षिण कोरिया के किम टैक सू एशियाई खेलों के बाद हमारे पास आए और उन्होंने कहा कि भारत अब काफी मजबूत टीम है। चीन के कोच भी अभ्यास सत्र के बाद एक साथ खड़े होकर हमारे लिए तालियां बजा रहे थे, हालांकि हम उन्हें हरा नहीं सके थे लेकिन उन्होंने हमारे जज्बे की प्रशंसा की।

शरत ने कहा कि इस लीग ने हमें शीर्ष खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका दिया और इससे हमारे आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई। इससे हमें शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ियों के खिलाफ बेखौफ खेलने के लिए प्रेरित किया। अपनी टीम की संभावनाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस साल हमारी टीम छुपीरूस्तम नहीं है, बल्कि प्रबल दावेदार है।

---

## रोड्स ने क्षेत्ररक्षण कोच के लिए आवेदन किया

मुंबई, 24 जुलाई (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जोंटी रोड्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के पद के लिए आवेदन किया है। वह इस पद के लिए आवेदन करने वाले सबसे हाई प्रोफाइल आवेदकों में से एक हैं। रोड्स ने 'क्रिकेटनेक्स्ट' वेबसाइट से कहा कि हां, मैंने भारत के क्षेत्ररक्षण कोच के पद के लिए आवेदन किया है। मेरी पत्नी और मुझे इस देश से प्यार है और इस देश ने पहले ही मुझे इतना कुछ दिया है। हमारे दो बच्चों का जन्म भारत में हुआ है। रोड्स अपने जमाने के शीर्ष क्षेत्ररक्षकों में से एक हैं। 1992 विश्व कप में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक को रन आउट करना उनके करिअर के सर्वश्रेष्ठ क्षणों में से एक है।

---


सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
विश्वसनीय, मैत्रीपूर्ण Faithful, Friendly
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

**विकास की नई संभावनाओं की तलाश**

**30 जून 2019 को समाप्त तिमाही के लिए पुनरीक्षित वित्तीय परिणाम**

₹ लाख में

| विवरण | 30.06.2019 को समाप्त तिमाही (पुनरीक्षित) | 30.06.2018 को समाप्त तिमाही (पुनरीक्षित) | 31.03.2019 को समाप्त वर्ष (लेखा परीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालनों से कुल आय (निवल) | 608069 | 563751 | 2394922 |
| अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर पूर्व असामान्य और / या असाधारण मदें) | (115936) | (176821) | (310313) |
| कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (असामान्य और / या असाधारण मदों के पश्चात) | (115936) | (176821) | (310313) |
| कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (असामान्य और / या असाधारण मदों के पश्चात) | (98046) | (128177) | (258830) |
| अवधि के लिए कुल समग्र आय [जिसमें अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समग्र आय (कर पश्चात) शामिल है।] | (98046) | (128177) | (258830) |
| ईक्विटी शेयर पूंजी | 268372 | 141727 | 248791 |
| पिछले वर्ष के तुलन पत्र में दर्शाई गई आरक्षित निधियाँ (पुनर्मूल्यांकित आरक्षित निधियों को छोड़कर) | 1238491 | 1197471 | 1238491 |
| प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक ₹10/-) (परिचालनगत व परिचालन रहित के लिए) (अवार्षिकीकृत) | | | |
| 1. मूल : | (3.66) | (9.04) | (17.12) |
| 2. मिश्रित : | (3.66) | (9.04) | (17.11) |

नोट: उपरोक्त आंकड़े, सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप के उद्धरण रूप हैं। तिमाही वित्तीय परिणामों के पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज एवं सूचीबद्ध संस्था की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। (BSE: www.bseindia.com एवं NSE: www.nseindia.com), बैंक वेबसाइट (www.syndicatebank.in)

| ह/- | ह/- | ह/- | ह/- | ह/- |
|---|---|---|---|---|
| वाई. नागेश्वर राव | अजय के. खुराना | एस. कृष्णन | मृत्युञ्जय महापात्र | अजय विपिन नानावटी |
| विशेष कार्य अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक | कार्यपालक निदेशक | कार्यपालक निदेशक | प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी | अध्यक्ष |

स्थान: बेंगलूरु
दिनांक: 24.07.2019

**अधिक भुगतान क्यों करें?**

सिंडिकेटबैंक आवास ऋण को अपनाएं और कम ई एम आई द्वारा बचत करें।

8.60%* प्र.व.

टॉप-अप की सुविधा उपलब्ध

टोल फ्री नंबर : 1800 3011 3333 / 1800 208 3333
www.syndicatebank.in


---

# ओलंपिक में क्वालीफाई करने पर मानव की निगाहें

**जनसत्ता संवाददाता/भाषा**
नई दिल्ली, 24 जुलाई।





बुधवार को एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे यूटीटी में शामिल अलग-अगल फ्रेंचाइजियों से खेल रहे खिलाड़ी।

• लीग का तीसरा चरण आज से शुरू होगा। चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पलटन, कोलकाता की आर पी-एस जी मेवरिक्स और यू मुम्बा एक दूसरे से भिड़ेंगी।

टेबल टेनिस खिलाड़ी मानव ठक्कर ने पिछले कुछ समय में अपने दमदार प्रदर्शन से सबको हैरान किया है। अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग में खेल रहे ठक्कर ने कहा कि इस लीग में शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने और जीत दर्ज करने से उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई है। अपने हाल के दिनों के प्रदर्शन को उन्होंने इसी का नतीजा बताया। शौकिया तौर पर इस खेल में कदम रखने वाले मानव यूटीटी में धुरंधरों को टक्कर देने के लिए तैयार हैं। वह मानते हैं कि लीग में शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी भारतीय खिलाड़ियों के लिए मददगार साबित हो रही है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन से दिख रहा है।

मानव ने कहा कि दो तीन साल पहले पहले सिर्फ एक या दो ही खिलाड़ी थे जो राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा करते थे लेकिन अब आप देख सकते हैं कि कई खिलाड़ी बेहतर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूटीटी ने हमें ऐसा मंच मुहैया कराया जहां हम शीर्ष विदेशी खिलाड़ियों से खेल सकते हैं। जब हम बाहर खेलते हैं तो हमें उनके खिलाफ खेलने के लिए पहुंचना पड़ता है लेकिन यूटीटी में हम सीधे ही उनके खिलाफ खेल सकते हैं। यहां हमें मौका मिलता है जिससे हमारा उनके खिलाफ खेलने का डर खत्म हुआ है, इसका असर प्रदर्शन में दिखता है।

मानव ने कहा कि इससे हर खिलाड़ी को मदद मिल रही है और अगर यह ऐसे ही चलता रहा तो यह खेल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसका भविष्य अच्छा है। आप देखोगे कि यूटीटी के बाद हमने राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पदक जीते। मानव ने महज 19 साल की उम्र में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई और अब उनकी निगाहें इस तरह के प्रदर्शन को जारी रखकर अपनी रैंकिंग को सुधारने पर लगी है ताकि तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकें।

उन्होंने कहा कि ओलंपिक में खेलना मेरा सपना है। मुझे इस साल कई टूर्नामेंट खेलने हैं और उम्मीद करता हूं इस तरह का प्रदर्शन जारी रख सकूंगा। नए मुख्य कोच देजान पेपिच के बारे में उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में भी वह हमारे साथ थे तो उनके आने से खिलाड़ियों को काफी सहायता मिलेगी। यूटीटी में वह पहले दो सत्र में जूनियर खिलाड़ी के तौर पर खेले थे और अपनी यू मुम्बा टीम को खिताब दिलाने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 249, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।